# बहू से अवैध संबंध, नातिन पर बुरी नीयत के चलते पत्नी ने पति की कर दी हत्या

## सोते पति की कुल्हाड़ी से काटी गर्दन फिर बेरहमी से पत्थरों से कुचला, पुलिस को गुमराह करने रची साजिश




**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास चौकी के पापल गांव में बीते 22 सितंबर की मध्य रात्रि में घर के बाहर सो रहे अधेड़ की निर्मम हत्या कर दी गई थी । निवास पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच में जुट गई। आखिरकार पुलिस ने इस अंधी हत्या की गुत्थी सुलझा लिया है जहां मृतक की पत्नी ही अपने पति की हत्या करना स्वीकार किया है ।

मध्य प्रदेश में नए कानून होने के पश्चात पुलिस अपराध पर नियंत्रण के लिए निरंतर सख्त कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शिव कुमार वर्मा, राहुल कुमार सैयाम एसडीओपी देवसर के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह बघेल व पुलिस टीम ने अंधी हत्या का खुलाशा कर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने बताया कि बीते 22 सितंबर को फरियादिया सुमित्रा साहू चौकी निवास आकर अपने पति की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने की सूचना दिये जाने पर मर्ग क्रं. 180/24 धारा 194 बी.एन.एस.एस एवं अपराध क्रमांक 944/24 धारा 103(1) बी.एन.एस का कायम कर विवेचना में लिया।विवेचना के दौरान घटनास्थल पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण, फोटोग्राफी, फिंगर प्रिंट व डाग स्काट द्वारा सर्चिंग कराई गई एवं शव का पी.एम कराया गया। डॉक्टर की पी. एम रिपोर्ट में हार्ड एंड ब्लण्ट ऑबजेक्ट से मृतक के सिर में वार करने से अत्यधिक रक्त निकलने से मृतक की मृत्यु होना लेख किया गया। घटना स्थल का निरीक्षण करते समय डॉग स्क्वाड के डॉग के शव के पास से मृतक के घर के अंदर चुल्हे एवं कुंए के पास जाने एवं आसपास पड़ोस के लोगो से पूछताछ करने पर मृतक के द्वारा अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर प्रताडित करना बताये, हत्या में किसी घर के व्यक्ति के शामिल होने के संदेह तथा घटना की रात्रि में मृतक की पत्नी व नातिन का घटना स्थल के पास ही सोए होने के कारण मृतक की पत्नी सुमित्रा साहू पति स्व. रामप्रसाद साहू 45 वर्ष सा. पापल चौकी निवास थाना सरई जिला सिंगरौली से घटना के संबंध में पूछताछ की गई जो बताई कि उसका पति रामप्रसाद साहू बेटे कि मृत्यु के बाद से उसकी बहू को साथ लेकर पाहि वाले घर पर रहता था और बोलता था कि उसी के साथ शादी करना है। इस बात को मना करने पर उसका पति आये दिन उसके साथ मारपीट करता था। इसके साथ ही नातिन को स्कुल नही जाने देता था व गलत नियत रखता था व उसके साथ गलत संबंध बनाने को बोलता था। इन्ही सब बातो से परेशान होकर बीते21 सितंबर की रात जब उसका पति रामप्रसाद साहू गहरी नींद में सो गया तब करीबन 2 बजे रात उसने घर की टांगी उठाकर पति के गर्दन पर मारा जिससे उसका पति चारपाई से जमींन पर गिर गया तथा वहीं पास में पड़ा पत्थर उठाकर पति के सिर में 8-10 बार मारा व उसके बाद पास पड़ी लाठी से 5-6 बार मारा,जिससे उसका पति मर गया। उक्त कार्यवाही मे उनि. प्रियंका सिंह बघले, मनोज सिंह, विनय शुक्ला, सुरज सिंह, सउनि. त्रिवेणी पाल, दीपनाराय, उपेन्द्र भदौरिया, प्रआर सचिन तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह, आर. प्रभात दुबे, रविराज सिंह, प्रवीण पाण्डेय, मोहित सिंह, अमित सिंह, बिट्टू सिंह,मआर विमला सिंह, किरन मवासे, अमरदीप सिंह, नीरज सिंह, बबलू यादव, आर. सदन कुमार, ओम प्रकाश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### इस तरह गिरफ्त में आई आरोपिया

घटना स्थल का निरीक्षण करते समय डॉग स्क्वाड के डॉग का शव के पास से मृतक के घर के अंदर चुल्हे एवं कुंए के पास बार-बार जाने के कारण, हत्या में किसी घर के व्यक्ति के शामिल होने के संदेह पर मृतक की पत्नि सुमित्रा साहू से विस्तृत पूछताछ करने पर पति द्वारा मारपीट व प्रताडित किये जाने के कारण हत्या करना स्वीकार की।

# दिव्यांग को नहीं मिला आवास, कलेक्टर से लगाई गुहार, व्यवस्था पर खड़े हो रहें सवाल

**सिंगरौली।** चितरंगी ब्लाक में आवास योजना के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे है। यहां के कई दिव्यांगों को योजना का लाभ नहीं मिल सका है। जबकि दिव्यांगों को आवास देने की प्राथमिकता है। ऐसा ही एक मामला कलेक्टर के जनसुनवाई में देखने को मिला है। जहां दोनों पैर से दिव्यांग गरीब आवास पाने के लिए दर-दर भटक रहा है। सिर पर छत के लिए कोई सार्थक पहल नहीं कर रहा, जिसके चलते दिव्यांग निराश हैं। उनकी सर्दी, गर्मी और बरसात की रात छप्पर में गुजर रही है।

गौरतलब है कि चितरंगी ब्लाक के गेरूई गांव के दिव्यांग रामसुंदर सिंह गोड़ पिता बब्बू सिंह गोड़ दोनों पैर से पूर्ण रूप से विकलांग हैं। उसके पास एक



टूटा-फूटा छप्पर का आशियाना है। वह कहते हैं कि मुझे आज तक सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। दिव्यांग को यह भी नहीं पता कि उसका नाम पात्रता सूची में दर्ज है या नहीं। लेकिन सवाल यह भी है कि ब्लॉक स्तर में दिव्यांगों का सर्वे किया जाता है। तो वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर जिले के सचिव, रोजगार सहायक और सरपंच की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए कि कोई भी दिव्यांग सरकार की योजनाओं से वंचित न हों। और ऐसे प्रशासनिक कर्मचारी पर सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए ताकि दिव्यांगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकें। अब दिव्यांग जनसुनवाई में पहुंच कलेक्टर से आवास के लिए गुहार लगाई है। दिव्यांग ने बताया कि वह अपनी पीड़ा लेकर तहसील और ब्लाक तक की दौड़ लगा कर थक चुके हैं। हर जगह से निराशा ही हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि अक्सर सुनने में आता था कि दिव्यांग लोगों को प्राथमिकता के साथ आवास की सुविधा दे रही है। इसी सूचना के आधार पर कई बार जिम्मेदारों के दर पर दौड़ लगाया, लेकिन अधिकारी केवल आश्वासन देते रहे।

# घर की छत पर सफाई करने में लगे सफाईकर्मी की करंट लगने से मौत

**सिंगरौली।** मंगलवार सुबह मोरवा थाना क्षेत्र में एक सफाई कर्मी की विद्युत चपेट में आने से मौत हो गई। घटना मोरवा स्थित वार्ड क्रमांक 5 नेहरू नगर की है, जहां ड्यूटी पर लगे नगर निगम का सफाई करने अनूप वाल्मीकि पिता स्वर्गीय अशोक वाल्मीकि उम्र 30 वर्ष सफाई कर रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान नेहरू नगर निवासी शैलेंद्र सूर्यवंशी के आग्रह पर वह उसके घर की छत पर लगी घास की सफाई करने में जुट गया। इसी दौरान वह घर की छत से सटकर निकले 440 वोट के विद्युत तारों की चपेट में आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने शव को उतार कर नीचे तबेले में रखा। इस घटना की सूचना मिलते ही नगर निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा पुलिस कर्मियों को घटना स्थल पर भेजा गया। वहीं हादसे का पता लगता ही नगर निगम के कई सफाई कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और घर के मालिक पर सबूत छुपाने और मृतक को उचित न्याय की मांग करने लगे।

# वार्ड 32 वा 38 में पार्क एवं आवासीय कालोनी में चला विशेष साफ सफाई अभियान

**सिंगरौली।** प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। पूरे प्रदेश के जैसे ही सिंगरौली जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत विशेष साफ सफाई अभियान चल रहा है स जिसमे जनप्रतिनिधि, कर्मचारियों और नगारिको के सामूहिक प्रयास से प्रतिदिन स्वच्छता से सम्बन्धित अलग-



अलग गतिविधि की जा रही है।सभी लोग प्रतिदिन अपने घर,गली,मोहल्ला और नगर की साफ-सफाई कर अपनी सहभागिता इस अभियान को दे रहे है स सभी सहभागिता के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर रहे है। इसी क्रम में आज वार्ड पार्षद एवं अपीलीय समिति सदस्य अनिल कुमार बैस के अगुवाई में वॉर्ड न 32 एवं 38 में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विवेकानंद पार्क एमआईजी नवजीवन बिहार पार्क एवं ढोटी मंआ विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। वही उपस्थित वार्ड वासियो को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एड अवनीश कुमार दूबे, सत्यनारायण बंसल, गौरव अग्रवाल, चंद्रशेखर अग्रवाल स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोड़रे, राजू, छोटे लाल शाह सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# पदीय दायित्वो में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने दो पटवारियो को किया निलंबित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छा चरिता की गई गई जो मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। उक्त घोर लापरवाही बरतने पर कलेक्टर के द्वारा संबंधित पटवारियों को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिये गये। जिसके परिपालन में अपर कलेक्टर के द्वारा अंबिका दास साकेत पटवारी हल्का माड़ा तहसील माड़ा एवं पटवारी हल्का कनई श्रीमती शांति बर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# अक्टूबर से पुनः रेत उत्खनन के पूर्व खदानों का सीमांकन किया जाय : ज्ञानेंद्र

**सिंगरौली।** वर्षा काल में बाद रेत खदानों में अक्टूबर माह से पुन: उत्खनन एवं परिवहन का कार्य प्रारंभ किया जाना निश्चित है किंतु स्वीकृत खदानों के स्थान और उनके सीमा की जानकारी आम जनों एवं जनप्रतिनिधियों को नहीं होना भी अवैध उत्खनन एवं परिवहन को बढ़ावा देता है । स्वीकृत खदानों की सीमा से बाहर रेत का उत्खनन ठेकेदार द्वारा किया जाना भी खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की श्रेणी में आता है और अपराध भी है।

सिंगरौली जिला सहित पूरे प्रदेश में कोई ऐसा राजनीतिक अथवा सामाजिक मंच नहीं है जहां अवैध खनिज रेत के उत्खनन एवं परिवहन की चर्चा नहीं होती हो किंतु कार्यवाही के नाम पर छोटे परिवहन वाहनों और लोगों पर कार्यवाही कर प्रशासनिक खाना पूर्ति की जाती है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने जिला के कलेक्टर तथा खनिज अधिकारी को पत्र लिखकर तथा समाचार पत्रों के माध्यम से अक्टूबर माह में शुरू होने वाले रेत उत्खनन के पूर्व खदानों के स्थान और उनका सीमांकन कराकर सार्वजनिक करने के बाद ही उत्खनन एवं परिवहन प्रारंभ करने की अपील की है। उन्होंने कहा की सिंगरौली जिला के रेत,कोयला सहित अन्य खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की चर्चाएं सीमावर्ती प्रांत यूपी और बिहार तक में है जिस पर जिला एवं पुलिस प्रशासन को बारीक नजर रखने की आवश्यकता है । सिंगरौली जिले के अनेक नदियों से ठेकेदार द्वारा रेत का उत्खनन एवं परिवहन किया जाता है किंतु आम जनों , पंचायत प्रतिनिधियों या जनप्रतिनिधियों को नीलामी में सम्मिलित खदानों और उनके रखवा की जानकारी नहीं होती है और ना ही खदानों का सीमांकन ही कभी किया जाता है जिसका फायदा उठाते हुए रेत ठेकेदार द्वारा अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन भारी मात्रा में किए जाने की चर्चा गली चौराहों तक भी होती रहती है। खनिज विभाग द्वारा इस दिशा में ध्यान नहीं दिए जाने से बैध खदानों के आड़ में भारी मात्रा मंख अवैध रेत का व्यापार किया जाता है जिससे सरकार के रॉयल्टी की चोरी होती है और जिले के आम रेत उपभोक्ताओं को अवैध रेत की भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है । जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्विवेदी ने जिला प्रशासन एवं खनिज अधिकारी से आग्रह किया है कि अक्टूबर माह से पुन: रेत के उत्खनन एवं परिवहन के पूर्व स्वीकृत सभी रेत खदानों का सीमांकन आवश्यक रूप से करा लिया जाए अन्यथा ग्रामीण जनों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी को भी उत्खनन कार्य को रोकने के लिए बाध्य होना पड़ेगा और कानून व्यवस्था की उत्पन्य होने वाली स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# अवैध नशा के खिलाफ नौडिहवा पुलिस की कार्यवाही, 885 ग्राम मादक पदार्थ गांजा व तस्कर गिरफ्तार

सिंगरौली। श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधिक्षक सिंगरौली के निर्देशन एवं शिवकुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के परिवेक्षण में एवं आशीष जैन एसडीओपी चितरंगी तथा थाना प्रभारी गढ़वा अनिल कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी नौडीहवा को बड़ी सफलता मिली है। जानकारी मे बताया गया कि बीते 23 सितंबर



को सउनि रमेश साकेत पुलिस चौकी नौडिहवा को जरिये मुखविर से सूचना प्राप्त हुयी की ग्राम तमई का गुलाब बैस पिता बच्चूलाल बैस मादक पदार्थ गांजा लेकर पडरी तरफ विक्री करने हेतु जा रहा है मुखविर की सुचना पर सउनि रमेश साकेत हमराह स्टॉप एवं दो स्वतन्त्र साक्षी को लेकर पडरी तिराहे के आगे घेरा बंदी कर आरोपी को पकड़ा गया आरोपी के पास से एक केशरिया रंग के छोले के अंदर एक खाखि रंग के पैकेट के ऊपर टेप चिपका हुआ था उक्त टेप को हटाया गया तो सफेद रंग की पन्नी मे कलिदार हरे एवं भुरे रगं का मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जो समक्ष गवाहान आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए धारा 8/20 (बी)एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ गांजा 885 ग्राम कीमती 15000 रुपये जप्त कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अनिल कुमार पटेल थाना प्रभारी गढ़वा, उनि उदय चन्द्र करिहार चौकी प्रभारी नौडिहवा,सउनि रमेश प्रसाद साकेत, मदन प्रसाद तिवारी प्रआर फूल सिंह प्रआर धीरेन्द्र पटेल, आर सहजानंद सिंह एवं राजा का सराहनीय योगदान रहा है।

# आंगन बाड़ी केंद्र नौढ़िया में मनाया गया पोषण सप्ताह

**सिंगरौली।** महिला बाल विकास परियोजना चितरंगी अंतर्गत आंगन बाड़ी केंद्र नौढिया में पोषण आहार सप्ताह ग्राम पंचायत खटाई की सरपंच श्रीमती हीरामन साहू की अध्यक्षता में पर्यवेक्षक श्रीमती सुशीला वर्मा आंगन बाड़ी कार्यकर्ता राधा साहू फोटो देवी सावित्री साहू सहायिका गीता देवी और हितग्राहियों के बीच पोषण मटका कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यवेक्षक श्रीमती द्वारा बताया गया की जो गर्भवती धात्री माताओं में खून की कमी हो जाती है।

और उनके प्रसव में परेशानी होती है। प्रसव के दौरान मृत्यु भी हो जाती है। जिससे मौसमी हरी सब्जियों फलों में पपीता गाजर पालक आयरन प्रोटीन विटामिन बहुत ज्यादा होता है। जिसके उपयोग से खून की कमी को पूर्ति होती है। स्तनपान वाली महिलाओं को बच्चे केलिए पर्याप्त दूध होने लगता है। पोषण मटका कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को खान पान की गुणवत्ता के प्रति सजग रहने और साफ सफाई के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। सभी हितग्राहियों को आंगन बाड़ी केंद्र में संचालित योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ।

# बरका पुलिस ने भैसों को क्रूरता पूर्वक परिवहन करते पिकअप वाहन को किया जप्त

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सूरज सिंह व पुलिस टीम द्वारा भैसों का क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले आरोपियों को पकड़ कर पिकअप वाहन को जप्त किया गया।

विगत कुछ दिनो से भैसों के परिवहन करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक सिंगरौली की ओर प्राप्त हो रही थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक टीम चौकी प्रभारी बरका सूरज सिंह के नेतृत्त्व में गठित की जाकर भैसों का क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले आरोपीगण और पिकअप वाहन पर कार्यवाही की गई ।मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन एमपी 66 जेडडी 3129 में भैसों को क्रूरता पूर्वक लादकर काटने के लिए देवसर तरफ ले जाने वाले हैं। सूचना पर तुरंत टीम गठित कर ग्राम बरका में घेराबंदी किया गया जो पिपरी तरफ से एक सफेद रंग की पिकअप आते दिखी जिसे रोककर पिकअप वाहन को चैक किया गया तो पिक अप में दो व्यक्ति बैठे पाए गए चालक का नाम पूछा गया जो अपना नाम मोहम्मददीन पिता अब्दुल कलाम उम्र 28 वर्ष तथा बगल की सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम मोहम्मद समीम पिता मोहम्मद सलीम उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जियावन थाना जियावान जिला सिंगरौली का होना बताए। पिकअप वाहन को चैक किया गया तो उसमें 4 नग पड़ा व 3 नग भैंस कुल 7 नग भैंस ठूस ठुसकर क्रूरता पूर्वक लोड किए पाए गए। जिस पर उक्त पिकअप वाहन मय 7 नग भैसों कीमती करीबन दस लाख रुपए के जप्त किया गया। धारा - 11 पशु के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम एवम 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया है।उक्त कार्यवाही मे उनि सूरज सिंह, उप निरी. एसके सोनवानी, प्र आरक्षक तरुण साकेत, आरक्षक मनीष ठाकुर, अभिषेक पांडे की सराहनीय भूमिका रही है।

# कलेक्टर साहब महीने में एक दिन खुलता है कचनी बेलौहा टोला राशन की दुकान

## राशन भी देता है कम , आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने जन सुनवाई में पहुची

**सिंगरौली।** कलेक्टर साहब महीने में एक दिन खुलता है सरकारी उचित मूल्य की दुकान तो वहीं दूसरे दिन यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि राशन खत्म हो गया है वही सेल्समैन हर महीने एक दो किलो राशन कम देते हैं। इस बात की शिकायत आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से की है। शिकायत के बाद कलेक्टर ने अब इस मामले की खाद्य अधिकारी को जांच करने के आदेश दिए हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब नगरीय क्षेत्र में भ्रष्टाचार का यह आलम है तो ग्रामीण अंचलों में क्या होगी यह बखूबी समझा जा सकता है। गौरतलब है कि मंगलवार की जनसुनवाई में कचनी से करीब आधा दर्जन से अधिक महिलाएं पहुंची। महिलाओं ने




कलेक्टर से शिकायत करते हुए बताया कि राशन दुकान का सेल्समैन समय में दुकान न खोलना, निर्धारित मात्रा में राशन वितरण न करना उसकी आदत में आ चुकी है। सेल्समेन महीने में बमुश्किल एक या दो दिन दुकान खोलना है उसके बाद ग्रामीणों को यह कहकर वापस कर देता है कि अब राशन खत्म हो गया है अगले महीने आकर राशन ले जाना। मैं एक महिला ने यहां तक कहा कि वह न केवल निर्धारित मात्रा से कम अनाज देता बल्कि अनाज कम देने पर यदि कोई विरोध करता है तो वह धमकाने लगता है और आगे राशन नहीं देने की बात कहता है। इस संबंध में जब खाद्य अधिकारी से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। नगरी क्षेत्र में सरकारी राशन दुकानों की हालत देखकर यह बखूबी समझा जा सकता है कि जब जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर सेल्समेन गरीबों के हक का निवाला छीलने में बिल्कुल भी नहीं डरते तो ग्रामीण इलाकों में क्या हालात होंगे। ग्रामीण सूत्रों की माने तो खाद्य अधिकारी प्रति दुकान सेल्समैनों से दो हजार रूपए सुविधा शुल्क लेकर गरीबों को लूटने का की खुली छूट दे रखी है। यही वजह है कि सेल्समेन सभी हितग्राहियों से एक से दो किलो राशन कम देते हैं। एक सेल्समैन ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि क्या करूं गरीबों का हक खाना मजबूरी है अधिकारियों और खाद्य इंस्पेक्टर को हर महीने सुविधा शुल्क देना ही पड़ता है नहीं देने पर वह हटाने की धमकी देते हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/4075/राजस्व/2024 सिंगरौली, दिनांक 29/09/2024

इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के ई.डब्ल्यू.एस. कालोनी बैढ़न वार्ड क्रमांक 40 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित भूखण्ड क्रमांक 21 साईज 20X30 फिट कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफिट श्री अखिलेश कुमार सोनी पिता श्री हीरालाल सोनी निवासी बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. हाल मुकाम एल.आई.जी. जीत होम्स अयोध्या वाईपास इन्फ्रन्ट जेम्स चर्च बृन्द्रावन नगर हुजूर जिला भोपाल म.प्र. के नाम से लीज पर आवंटित किया गया था। लीज ग्रहिता के द्वारा लीज डीड के शर्तो के अधीन उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री कमलेश सोनी पिता श्री हीरालाल सोनी निवासी हनुमान मंदिर के पास बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किये जाने हेतु लीज डीड का पंजीयन कराया गया है। तत्पश्चात श्री कमलेश सोनी पिता श्री हीरालाल सोनी के द्वारा नामान्तरण के कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कार्यवाही हेतु विचाराधीन है।

अत: उक्त भूखण्ड क्रमांक 21 का नामान्तरण श्री कमलेश सोनी पिता श्री हीरालाल सोनी निवासी हनुमान मंदिर के पास बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने से यदि किसी व्यक्ति/संस्था का हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार जारी किए जाने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधिमान्य नहीं होगी।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
सिंगरौली

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए बने भाजपा के सदस्य : रणवीर सिंह

## भाजपा की सदस्यता के लिए डोर टू डोर चल रहा कैंपेन

सीधी

भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के अंतर्गत प्रथम चरण के अंतिम सोपान में भारतीय जनता पार्टी ने शत प्रतिशत सदस्यता लक्ष्य अर्जित करने के लिए पूरी ताकत झोंकते हुए मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान डोर टू डोर कैंपेन करते हुए, कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई के साथ भाजपा की सदस्यता के लिए प्रेरित करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिला रहे हैं।



सदस्यता दिलाने के पश्चात नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री रावत ने कुचवाही मंडल के बूथ क्रमांक 153 मे कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारतीयता का परचम लहरा रहा है। इस गौरवपूर्ण क्षण में भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए हम सभी को भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य डिजिटल रूप से ग्रहण करना चाहिए ।यह हम सभी के लिए स्वर्णिम अवसर है क्योंकि डिजिटल रूप से सदस्य बने के यही कुछ दिन शेष बचे हुए हैं।

मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान जिले के विभिन्न मंडलों में शक्ति केन्द्र में प्रवास करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता के अभियान में शामिल होकर पार्टी की सदस्यता दिला रहे हैं। इस अवसर पर कुचवाही मण्डल अध्यक्ष रामराज गुप्ता, विनोद सिंह, कृष्ण देव गुप्ता, नवीन सिंह, जय प्रकाश मिश्रा,राजेश साहू, त्रिवेणी मिश्र, जब्बार ,भवानी विश्वकर्मा, विष्णुदत्त गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**25 सितंबर को हर पोलिंग बूथ पर बनाएंगे 100 सदस्य : देव कुमार**

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस 25 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक पोलिंग बूथ पर कम से कम सौ प्राथमिक सदस्य बनाएगी। इसके लिए व्यापक रूप से रणनीति बनाई गई है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी किसी न किसी बूथ पर मौजूद रहेंगे।

# स्वच्छता अभियान के तहत चला सफाई अभियान

सीधी। 17 सितम्बर से लगातार चल रहे स्वच्छता पखवाडा अभियान को लेकर म0प्र0 जन अभियान परिषद् जिला सीधी के जिला समन्वयक के निर्देषन पर बहरी सेक्टर क्रमांक 4 अनतर्गत नवांकुर संस्था सावन ग्रामीण विकास एवं जन कल्याण समिति मौहरिया विकास खण्ड सिहावल, जला सीधी ने अपने सेक्टर के विभिन्न ग्रामों में ग्राम पंचायत भवन, हास्पिटल, मंदिर आँगनवाडी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ-साथ स्कूल परिसरों के आस-पास युवा समाजसेवी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तरका, डोल, मौहार, मौहरिया, ददरी कला एवं अन्य समिति के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है इस सन्दर्भ में लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जा रही है। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि यह पखवाडा अभियान 02 अक्टूबर 2024 तक लगातार सेक्टर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को स्वच्छता (सफाई) के लिए प्रेरित कर रहा हूँ। साथ में समाज को एक संदेष देने का काम कर रहा हूँ जिससे स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत के सपने को साकार किया जा सके। उपरोक्त स्वच्छता कार्यक्रम में नवांकुर समिति के अध्यक्ष/सचिव, सदस्य एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य अध्यक्षगण एवं ग्राम पंचायत के सरपंच युवा समाजसेवी लगातार अपना सहयोग प्रदान कर रहे है।

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम 25 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

सीधी

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मंगला प्रसाद द्विवेदी, जिला सचिव डॉ0 अशोक दुवे ने प्रेस विज्ञप्ति को जानकारी देते हुये बताया कि मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला सीधी प्रान्तीय निकाय के आहवान पर जिला कलेक्टर सीधी के माध्यम से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को 25 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर कलेक्टर महोदय जिला सीधी को 24 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कर जिला स्तर पर विभिन्न विभागों में कर्मचारियों के लम्बित समस्याएं जिनका निराकरण करने हेतु आग्रह किया गया। प्रदेश स्तर की मांगो का निराकरण करने के लिये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जी से विशेष आग्रह किया गया है कि कर्मचारियों की मांगे




त्वरित पूरी कराई जाय अन्यथा कर्मचारी विवश होकर भोपाल में 17 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिले के कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। 25 सूत्रीय ज्ञापन लेने के लिये नीलेश शर्मा एस.डी.एम. गोपद बनास एवं नायब तसहीलदार मैडम ने आकर ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री को भेजने का आश्वासन दिया। और स्थानीय स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया गया।

विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारी सम्मिलित होकर ज्ञापन सौंपे जिनमें मंगला प्रसाद द्विवेदी, डॉ0 अशोक दुवे, दयामणि शर्मा, लाल बहादुर सिंह, शिवनारायण द्विवेदी, अजय सिंह चौहान, यू.एस.डी. दुवे, अखिलेश्वर पाण्डेय, चित्रसेन गौतम, सतीष मिश्रा, सजन सिंह अधीक्षक, सतेन्द्र शर्मा, चन्द्रीश मिश्रा, शिवनाराण द्विवेदी, कुशल सिंह चौहान, राजा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# समाज के प्रति समर्पण भाव ही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है: डॉ गीता भारती

सीधी। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती जी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं सेवा धर्म का पालन करते हुए समाज व राष्ट्र की समग्र उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। युवाओं के चरित्र निर्माण एवं जीवन शैली में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। एनएसएस (पुरुष इकाई)के कार्यक्रम अधिकारी श्री सुनील सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल विचारधारा को आगे बढ़ाने एवं सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।डॉ पूजा कश्यप(कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई)ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना एवं महत्व की जानकारी दी, और युवा सशक्तिकरण व सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मण उइके, डॉ सुरेश कुमार तिवारी,डॉ भावना नागेंद्र,राज किशोर तिवारी, डॉ वाहिदुन निशा, डॉ वीरेंद्र द्विवेदी,संदीप कुमार(सहायक ग्रेड 3), मनीष सोनी,सिद्धनाथ , गया प्रसाद केवट एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर अपनी सहभागिता प्रदान की।

# गणेश विद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं का संभाग स्तरीय बॉक्सिग प्रतियोगिता के लिए चयन

सीधी। आज से रीवा जिले मे आयोजित होने वाली दो दिवसीय संभाग स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सीधी जिले की टीम मे श्री गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल, अमहा के 28 एवं श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा के 12 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। विगत 3 एवं 4 सितम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय, सीधी मे जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें बॉक्सिंग प्रशिक्षक सूरज शुक्ल के नेतृत्व मे गणेश विद्यालय अमहा एवं गणेश स्कूल पड़रा के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया, जिला स्तरीय स्पर्धा




में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए संभाग के लिए चयनित हुए गणेश विद्यालय अमहा के 28 छात्र-छात्राओं में अंडर-14 बालक वर्ग में प्रतीक श्रीवास्तव, हिमांशु शुक्ला, अभिषेक जायसवाल, आदित्य सिंह, सागर जायसवाल, श्याम पाण्डेय, अंडर-17 बालक वर्ग में रोबि सिंह, सुधाष सोनी, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अंडर-19 बालक वर्ग में आदित्य प्रताप सिंह, सुजल सिंह, अनूपम जायसवाल, हिमांशु मिश्रा, ध्रुव दुवेदी, रवि यादव, आयुष पाठक, रिदमराज तिवारी, ओम सिंह बघेल, प्रयास शुक्ला, अंडर-17 बालिका वर्ग में अंशिका द्विवेदी, आकांक्षा चतुर्वेदी, रेखा विश्वकर्मा, पार्थवीं सिंह, हर्षिता दीपांकर, रविया बानो। अंडर-19 बालिका वर्ग में जिया खान, सोनम गुप्ता, पुष्पांजलि गुप्ता। साथ ही गणेश स्कूल पड़रा से अंडर-14 बालक वर्ग में अथर्व तिवारी, हिमांशु सिंह, शिवांशु त्रिपाठी, प्रवीण साहू, अंडर-17 बालक वर्ग में राज साहू, हर्ष मिश्रा, शिवेश अग्रहरी, सागरचंद्र जायसवाल एवं अंडर-17 बालिका वर्ग में समृद्धि चौबे, अंशिका तिवारी और साक्षी तिवारी है। बहुसंख्या मे चयनित छात्र-छात्राओं को एवं उनके खेल प्रशिक्षक सूरज शुक्ल को श्रीगणेश ग्रुप के डायरेक्टर नीरज शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा, गणेश विद्यालय अमहा के प्राचार्य जे.एन. मिश्रा, गणेश स्कूल पड़रा के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी, प्रधानाध्यापक पुष्पराज मिश्र, प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स, स्कूल के खेल प्रशिक्षकों में तरुणनाथ मिश्र, सुभाष शुक्ल, माखनलाल मिश्र, विश्वास पांडेय, जया सिंह, अंकुर मिश्र एवं समस्त स्टॉफ ने चयनित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 265 आवेदकों की समस्याएं

सीधी। जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 265 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर आवेदकों को तत्काल पावती भी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया



है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# एकलव्य विद्यालय हड़बड़ो के छात्रों का कब्बड्डी खेल प्रतियोगिता में चयन

सीधी। जिले के उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय शालेय कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एकलव्य विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं शामिल हुए और बेहतर प्रदर्शन किए। कई छात्रों में से ओम सिंह चंदेल पिता अनुज प्रताप सिंह कक्षा 9वीं, लक्ष्मी गुप्ता पिता हरिश्चंद्र गुप्ता कक्षा 8वीं तथा अभी सिंह पिता अरुण सिंह कक्षा 8वीं का चयन संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, सचिन सिंह, विदित सिंह, ध्रुवदेव सिंह, अरविंद सिंह, शशिमा सिंह, संध्या शुक्ला, अमिता सिंह, नमिता सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योतिप्रभा द्विवेदी, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू सिंह, सपना तिवारी, माधव सिंह, अर्पिता सिंह, अनूप लखेरा, अंकिता सेन, संतोष यादव, अमन वर्मा, सत्री बैगा, शैलेंद्र तिवारी, आंचल सिंह, बीना सिंह, रजनीश पांडेय, आंचल पांडेय, विपुल तिवारी, मनीष मौर्या, काजल केवट एवं समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# कबाड़ के जुगाड़ से बना लाइट पेड़



सीधी। नगर पालिका परिषद सीधी में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम तहत डे-एनयूएलएम योजना सीधी के ड्रीम स्वसहायता समूह की सदस्य श्रीमती बीना जायसवाल ने अन्य सदस्यों के सहयोग से बेकार हुए डस्टबिन और अन्य कबाड़ के जुगाड़ से लाइट पेड़ बनाया है। इससे जहाँ महिलाओं को कुछ काम मिला वहीं बेकार चीजों का भी उपयोग हो गया। इस कार्य में संदीप मिश्रा सिटी मिशन मैनेजर सीधी के द्वारा प्रेरित किया गया।

# गुरुदेव एक विशिष्ट अवतार : कुलपति राजकुमार आचार्य

सीधी। गुरुदेव रामाधार चतुर्वेदी का जन्म दिवस उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शक्ति सदन गुरु निलयम खड़ौरा में विगत चार दिनों से चल रही शतचंडी महायज्ञ का सविधि हवन में गुरुदेव के भक्तों और आचार्यों ने पूरी श्रद्धा के साथ भाग लिया, देश के कोने-कोने से आए हुए गुरुदेव के भक्तों ने शक्ति सदन में विराजमान गुरुदेव की चरण पादुका का पूजन किया सुबह 10:00 बजे से कमला भारती विद्यापीठ में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने किया।इस स्वास्थ्य शिविर 470 रोगियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सकों ने निशुल्क जांच परीक्षण कर उपलब्ध दवाएं प्रदान की साथ ही कुछ गंभीर रोगियों को शैल्य चिकित्सा की दृष्टि से चिन्हित किया गया शीघ्र ही आचार्य रामाधार सेवा संघ और नेहरु शताब्दी चिकित्सालय के संयुक्त प्रयास से उन रोगियों का निशुल्क




उपचार कराया जाएगा। शक्ति सदन में आयोजित शायं कालीन पूजन आरती में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह और नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे विशेष रूप से सम्मिलित हुए। आगे के क्रम में सीएम राइज स्कूल देवसर में राजकुमार आचार्य कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के मुख्य आतिथ्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गुरुदेव के शिष्य गण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव के चित्र के समक्ष चंदन पुष्प धूप अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात सामोहिक रूप से नमो देव्यै स्तुति का पाठ किया गया, विचार गोष्ठी दोपहर 3:00 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6:00 बजे तक तक चलती रही और उपस्थित श्रोता मंत्र मुग्ध होकर गुरुदेव के जीवन कथामृत का पान करते रहे। कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा राजकुमार आचार्य ने गुरुदेव को ईश्वरीय अवतार के रूप में प्रतिपादित किया उन्होंने यह कहा की गुरुदेव के बारे में जानकर ऐसा लगता है मानो ईश्वरीय सत्ता ही अपनी विशिष्ट कलाओं से जगत कल्याण के लिए गुरुदेव के रूप में प्रकट हुई थी। आचार्य रामाधार सेवा संघ के संरक्षक दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी ने गुरुदेव के जीवन के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला, डॉ एच.पी. सिंह प्राध्यापक एवं शीशु रोग विशेषज्ञ श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा ने गुरुदेव को एक अचिंत्य शक्ति संपन्न विभूति के रूप में निरूपित किया अन्य उपस्थित भक्तों ने भी गुरुदेव के विराट व्यक्तित्व पर विषय प्रबोधन किया इस अवसर पर देवसर क्षेत्र में स्थित सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आचार्य रामाधार गोल्ड मेडल प्रदान किया गया यह गोल्ड मेडल विगत 15 वर्षों से आचार्य रामाधार सेवा संघ 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रदान करता है। इस आयोजन में संघ के संरक्षक सीता शरण चतुर्वेदी एवं तुलसीदास चतुर्वेदी समेत अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा शहडोल संभाग डॉ आर.पी. सिंह जनपद अध्यक्ष देवसर प्रणव पाठक सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला आदित्य प्रताप सिंह पुलिस निरीक्षक आरपी सिंह डॉ अजय मिश्रा सदस्य कार्य परिषद गुरुदत्त शरण शुक्ला सीधी राजेंद्र गुप्ता डॉ शिवार्चन शुक्ला, राम मूर्ति द्विवेदी, ललिता यादव प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय देवसर, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय देवसर श्री संघ के सचिव सचेन्द्र द्विवेदी, कमलेश तिवारी, शंकर मिश्र वैद्य, अर्चना सिंह, कल्पना शर्मा कोलकाता मनीष घोष बिहार, ऋषभ सिंह बिहार, संत कुमार चतुर्वेदी श्रीनिवास द्विवेदी बादल डॉ मनोज मिश्रा सीधी, डॉ सत्येंद्र उपाध्याय सीधी कृष्ण गोपाल द्विवेदी, एडवोकेट ओंकार पांडे नागेंद्र सिंह विनय सिंह अंशुमान सिंह समेत बड़ी संख्या में गुरुदेव के भक्त एवं आम जनमानस उपस्थित रहे।

# पोषण माह के तहत आगनवाड़ी केंद्रों में हुआ मंगल दिवस का आयोजन

सीधी। पोषण माह के दौरान एक सितंबर से 30 सितंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 24 सितंबर को जिला कार्यक्रम अधिकारी आर सी त्रिपाठी के निर्देश में महिला बाल विकास परियोजना सीधी 1 के परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन पर सेक्टर पर्यवेक्षकों के उपस्थिति में आगनवाड़ी केंद्रों में माह का चौथा मंगलवार को लालिमा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में एनीमिया की रोकथाम के लिए आयरन युक्त खान-पान को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। महिलाओं, किशोरी बालिकाओं को सहजन (मुनगा) के पौधों के फूल, पत्ती, फल के उपयोग एवं आयरन को अब्जॉर्ब करने के लिए विटामिन डी का प्रयोग करने के लिए नीबू का उपयोग को बताया गया।

**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला-सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/4661/जजाकवि/स्टोर/2024 सिंगरौली, दिनांक 23/09/2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला सिंगरौली द्वारा डायनिंग कुर्सी क्रय हेतु पोर्टल पर बिड दिनांक 23/09/2024 को की गई अंतिम तिथि दिनांक 07/10/2024 है। जेम पोर्टल पर ऑनलाईन देखा जा सकता है।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग,सिंगरौली

## संपादकीय

# आस्था को लेकर छिड़ी सियासत

मंदिरों में चढ़ावे आदि को लेकर विवाद और उनके प्रबंधन को चुस्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग बहुत पहले से उठती रही है। राजनीतिक लाभ के लिए आस्था को भुनाने का चलन नया नहीं है। मगर तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी युक्त मिलावटी घी के उपयोग का मामला मंदिरों की पवित्रता से भी जुड़ा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सार्वजनिक मंच से आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में बनने वाले लड्डू के लिए सस्ती दर पर मिलावटी घी खरीदा गया। प्रयोगशाला जांच से पता चला है कि उस घी में पशु चर्बी मिली हुई थी। इसे लेकर स्वाभाविक ही विवाद छिड़ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस मामले को भड़का रहे हैं। हालांकि इस पर केंद्र सरकार ने भी गंभीरता दिखाते हुए प्रसाद के नमूने जांच कराने को कहा है। कांग्रेस ने मंदिरों की पवित्रता सुनिश्चित करने की जरूरत रेखांकित की है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय इस मामले में सुनवाई करने को तैयार हो गया है। मंदिरों में चढ़ावे आदि को लेकर विवाद और उनके प्रबंधन को चुस्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग बहुत पहले से उठती रही है। मगर तिरुपति बालाजी मंदिर की प्रबंध समिति यानी तिरुमला तिरुपति देवस्थानम इस मामले में बहुत व्यवस्थित और पारदर्शी मानी जाती रही है। वहां बनने वाले प्रसाद के मानक तय हैं। घी और अन्य सामग्री की गुणवत्ता और पवित्रता जांचने के लिए आंतरिक प्रयोगशाला है। तीन स्तरों पर इसकी जांच की जाती है। घी आदि की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार हर छह महीने बाद बदल दिए जाते हैं। इसके बावजूद अगर वहां के प्रसाद की पवित्रता पर सवाल उठे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे लोगों की आस्था पर चोट पहुंची है। मंदिर और धार्मिक स्थल राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर होने चाहिए, पर इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि वास्तव में ऐसा है नहीं। इसीलिए तिरुपति बालाजी के लड्डूओं में पशु चर्बी होने के आरोप पर सियासत शुरू हो गई है।

# सिक्खों की सहानुभूति बटोरने में नाकाम रहे राहुल गांधी

**राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक़ दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस की बात का समर्थन है।**

(योगेंद्र योगी)

राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक़ दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें।

लगातार तीन बार लोकसभा चुनावों में हार के बावजूद कांग्रेस का अल्पसंख्यकों के प्रति मोह कम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में करारी शिकस्त खाने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस बयानों के जरिए यह साबित करने पर तुली हुई कि वह सही मायने अल्पसंख्यकों की खैरख्वाह है। ऐसी राजनीति की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। दो दशक पहले तक दबे-छिपे तरीके से हिन्दुओं की बात करने वाली भाजपा खुल कर सामने आ गई। इससे देश में हिन्दू-मुस्लिम मतदाताओं का स्पष्ट ध्रुवीकरण नजर आता है। अल्पसंख्यकों की हितैषी साबित करने के लिए कांगेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमरीका में सिक्खों की भारत में सुरक्षा को लेकर बयान देकर संगठन को मुश्किल में डाल दिया। पहले मुसलमानों और अब सिक्खों को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेस भाजपा के निशाने पर आ गई। राहुल गांधी के बयान से खालिस्तान की मांग करने वाले पृथक्तावादी संगठन के प्रमुख गुरुपंत सिंह पन्नू को जहर उगलने का मौका मिल गया।

राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक़ दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस की बात का समर्थन है। बड़ी बात ये है कि राहुल गांधी की बात को उस सिख नौजवान भलिंदर सिंह ने भी गलत बताया जिसका नाम पूछ कर वॉशिंगटन में राहुल ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में



गलतबयानी की थी। भलिंदर सिंह विरमानी ने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनका नाम पूछकर सिखों को लेकर जो कमेंट किया, वो पूरी तरह गलत था। भलिंदर सिंह ने कहा कि वो खुद भारतीय हैं, कुछदिनों के लिए अमेरिका आए हैं, उन्होंने भारत में कभी नहीं देखा कि किसी सिख को पगड़ी पहनने या कड़ा पहनने से रोका गया हो या किसी को गुरुद्वारे जाने में कोई दिक्कत हुई हो।

देश में सिक्खों को लेकर प्यू रिसर्च सेंटर की सर्वे रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। प्यू रिसर्च सेंटर ने यह सर्वे 2019 से 2020 के बीच कराया था। इस सर्वे में महज 14 फीसदी सिखों ने ही माना था कि भारत में सिखों के साथ भेदभाव होता है। मगर अधिकतर सिखों का मानना था कि उन्हें भारत में कोई भेदभाव नहीं दिखता। इस रपोर्ट के मुताबिक, करीब 95 फीसदी सिख खुद को भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, बहुमत यानी 70 फीसदी सिखों का मानना है कि जो व्यक्ति भारत का अनादर करता है, वो सिख हो ही नहीं सकता।

वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने दुनिया भर में भारत-विरोधी प्रचार करने वाली अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की। इल्हान उमर डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैं, वो खुले तौर पर पाकिस्तान की हिमायती हैं, हर मंच पर भारत का विरोध करती हैं। राहुल गांधी अमेरिकी सांसदों के जिस प्रतिनिधिमंडल से मिले, उसमें इल्हान उमर को खासतौर पर बुलाया गया था। इल्हान उमर वही हैं, जिन्होंने 2022 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर कहा था कि कश्मीर पर भारत का कोई हक़ नहीं है, भारत को कश्मीर छोड़ना ही पड़ेगा। जून 2023 में इल्हान उमर अमेरिका की संसद में भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव लेकर आई थीं, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्रालय से अपील की गई थी कि वह भारत को एक ऐसा देश घोषित करे जहां पर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होता है, जहां मुसलमान सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि राहुल गांधी पाकितान समर्थक इल्हान उमर से क्यों मिले? इल्हान तो हमेशा से भारत के खिलाफ रही हैं। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है। अनुच्छेद 370 पर राहुल गांधी का ढुलमुल रवैया रहा है। राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने पहुंचे थे, तब भी वे अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर साइलेंट मोड में दिखे थे। हालांकि कांग्रेस जिस दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही उसका इस मुद्दे पर मत कुछ अलग है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में साफ कर दिया है कि अगर हमारी सरकार बनती है तो अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली की जाएगी। हालांकि नेशनल कान्फ्रेंस किस आधार पर अनुच्छेद 370 की वापसी की बात कर रही है वो समझ से परे है। क्योंकि यह साधारण सी बात है कि केंद्र में सत्ता मिलने पर ही अनुच्छेद 370 की वापसी संभव हो सकती है। जाहिर सी बात है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को केंद्र में बहुमत नहीं मिलने जा रहा है।

धारा 370 की तरह सीएए पर भी राहुल गांधी का रुख बदलता रहा है। वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने सिटिजनशिप अमेंटमेंट एक्ट लागू किया। कांग्रेस ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ कांग्रेस बहुत बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया। जिसमें सोनिया गांधी, पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह और राहुल गांधी सहित सैकड़ों पार्टी समर्थक राजघाट पर सत्याग्रह पर बैठे थे। लेकिन सीएए लागू होने के बाद चुनावों को देखते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली थी। लोकसभा चुनावों के दौरान केरल में सीएए एक बहुत बड़ा मुद्दा था। केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनराय विजयन चुनाव अभियान के दौरान लगातार यह साबित करने में लगे रहे कि राहुल गांधी सीएए पर क्यों नहीं बोल रहे हैं।

कांग्रेस और राहुल गांधी ने मौके-बेमौके अल्पसंख्यकों को लेकर गहरी चिंता जताई है, किन्तु कांग्रेसशासित राज्यों में अल्पसंख्यकों के भले के लिए क्या अतिरिक्त प्रयास किए गए, इसका खुलासा कभी नहीं किया गया। तीन तलाक के मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार का जमकर विरोध किया। जबकि तीन तलाक के मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे लागू करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक माफिया और गैंगस्टरों के मामलों में भी कांग्रेस का रवैया सहानुभूतिपूर्ण रहा है। इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी ने तो खुलकर इन गैंगस्टर्स का खुलकर समर्थन ही नहीं किया बल्कि सत्ता में रहने के दौरान बहुजन समाज पार्टी और सपा ने मंत्री पद तक के ओहदे से नवाजा था। कांग्रेस को यह समझना होगा कि क्षेत्रीय दलों का जनाधार सीमित है, जबकि कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल होने के साथ राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में अल्पसंख्यकों को रिझाने की राजनीति से भाजपा को ध्रुवीकरण का मौका मिलता रहेगा।

# आतंकी नजरें और मीरजाफरों की फौज

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश-दुनिया में आतंक का साय गहराता ही जा रहा है। हथियारों के सौदागर अपने उत्पादनों की बिक्री के लिए नित नये बाजार तैयार करने में जुटे हैं। वैध ढंग से कहीं ज्यादा अवैध ढंग से हथियारों की हो रही बिक्री ने जीवन के सामने चुनौतियां प्रस्तुत कर दी है। आतंकियों के खेमों में हथियारों की आपूर्ति करके राष्ट्रों के सामने सक्षम होने की मजबूरी पैदा की जा रही है। अहंकार के दावानल ने वर्चस्व की जंग शुरू कर दी है। मानसिक दुर्बल लोगों को भडकाने के लिए लालची मीरजाफरों की जमातें तैयार की जा रहीं हैं। कहीं मजहबी हुकूमत का सगूफा फैलाया जा रहा है तो कहीं सीमायें बढाने की जद्दोजेहद हो रही है। ताकत की दम पर सल्तनत हथियाने की तालीम देने वालों में अमेरिका, फ्रांस, चीन, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देश हमेशा से ही अग्रणीय रहे हैं। हालिया हालातों में इजराइल के साथ हो रहे हिजबुल्लाह के युध्द में अब फ्रांस ने आमद दर्ज कर दी है। लेबिनान के साथ संबंधों की दुहाई पर उसकी सक्रियता इजराइल के साथ कथित रूप से खडे अमेरिका के लिए बाहर से दिखने वाली एक चुनौती है। ऐसी ही चुनौतियां दिखाकर अन्य देश सहानुभूति की मरहम के नाम पर खूनी चालें चल रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका ने जहां अफगानस्तान, यूक्रेन, पाकिस्तान, बंगलादेश जैसे राष्ट्रों को मानसिक गुलाम बना लिया वहीं चीन की कुटिल चालों में श्रीलंका, म्यांमार, ताइवान, मालदीप, नेपाल, पाकिस्तान जैसे देश पूरी तरह फंस चुके हैं। वे चाहकर भी उसे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। ईरान से लेकर कतर तक, तुर्की से लेकर सीरिया तक आतंक की पाठशालाओं में वहां की सरकारें अपने छदम्मवेशधारी सेनायें तैयार करने में जुटी हैं। अत्याधुनिक हथियार, नवीनतम तकनीक और कुशल प्रशिक्षण के साथ-साथ भारी मात्रा में धनराशि मुहैया कराई जा रहीं हैं। कहीं हिजबुल्लाह सक्रिय है तो कहीं हूती, कहीं हमास का बोलबाला है तो कहीं अलकायदा। कहीं इस्लामिक स्टेट का फतवा जारी होता है तो कहीं जमात नुसरत अल-इस्लाम वल मुस्लिमीन लहू डूबी कलम से वर्तमान लिखने लगता है, कहीं अल शबाब की गोलियां चलतीं हैं तो कहीं लश्कर-ए-तैयबा के धमाके गूंजते हैं। कहीं अल-नुसरा फ्रंट के जहर बुझे



हथियार लोगों की जानें लेते हैं तो कहीं जेमाह इस्लामिया की बारूद से सांसें खामोश होतीं हैं, कहीं अबू सय्याफ के फरमान जारी होते हैं तो कहीं बोको हराम के हमले होते हैं। समूची दुनिया को आतंक के झंडे तले झुकाने की कोशिश में लगे खास मुल्क और उनके खास सरपरस्तों की घातक चालें अब लाशों के कारोबार को बुलंदी पर पहुंचाने में लग गईं हैं। दूसरी ओर देश के अन्दर के हालात भी भीतर-भीतर सुलगती जा रही बारूद बनते जा रहे हैं। म्यामांर के रास्ते आतंकियों ने मणिपुर में कुकी बनकर पहाडों में बंकरों का निर्माण शुरू कर दिया है। गुप्त सूत्रों की मानें तो सीमापार से 900 प्रशिक्षित आतंकियों ने राकेट लांचर, ड्रोन, मिसाइल सहित अत्याधुनिक हथियारों के साथ मणिपुर में आमद दर्ज कर ली है। इन घुसपैठियों ने 30-30 के समूहों में विभक्त होकर पूरे इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है। आतंकियों के नेटवर्क के साथ वहां के अनेक प्रशासनिक अधिकारियों के कदमताल करने की चर्चायें भी जोरों पर हैं जो केन्द्रीय बलों को सहयोग देने के स्थान पर भ्रमित करके षडयंत्रकारियों के मंसूबे पूरे करने में लगे हैं। ऐसे ही हालात जम्मू-कश्मीर में भी देखने को मिलते हैं जहां पाकिस्तान के दहशतगर्द देश के मीरकासिमों के सहयोग से अपने पांव फैला बैठे हैं। इन दुश्मनों को संरक्षण देने हेतु अनेक राजनैतिक दलों के जन्मजात नेता निरंतर उत्साहित देखे जाते हैं। हाल ही में कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बी श्रीशानन्द ने बैंगलुरु के बाजार से गोरीपाल्या तक मैसूर रोड फ्लाइओवर के भू भाग को पाकिस्तान में होने जैसी स्थिति का खुलासा करके कटु सच्चाई की ओर देश का ध्यानाकर्षित किया है। एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने तो यहां तक कहा कि मैसूर रोड फ्लाइओवर पर जायें तो हर रिक्शावाले के पास 10 आदमी हैं।

वहां कितने भी सख्त अधिकारी भेज दें, उसे पीटा ही जायेगा। यह किसी चैनल पर नहीं दिखाया जा रहा है। न्यायाधीश की यह टिप्पणी विस्फोट होते आन्तरिक हालातों का प्रत्यक्ष आभास करती है। उन्होंने खुलकर देश के चैनल्स पर पक्षपाती खबरें दिखाने का आरोप लगाया परन्तु मोटी चमडी पर चाबुकों का बेअसर होने वाला मुहावरा निरंतर चरितार्थ हो रहा है। यहां रोम के जलने पर नीरो की मस्ती भरी बांसुरी बदस्तूर बज रही है। पैगम्बर मोहम्मद साहब की जिन्दगी के खास मौके पर ईरान मुखिया अली खामेनेई ने भारतीय मुसलमानों को एकजुट होने के लिए खुला आमंत्रण भेजा। यह आमंत्रण उन्होंने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म 'एक्स' पर संदेश प्रसारित करके दिया ताकि पूरी दुनिया पर इस का असर हो और भारत की इस्लाम विरोधी छवि बने। आखिर चन्द लोग धरती से मानव प्रजाति समाप्त करने पर क्यों तुले हैं, यह समझ से परे है। लावारिस लाशों का कोई मजहब नहीं होता, बहते खून का कोई धर्म नहीं होता, अनाथ बच्चे की कोई जाति नहीं होती, जल-जमीन-जायजाद का कोई वंश नहीं होता। सब कुछ समान है, अन्तर तो केवल वर्चस्व कायम करने की हवस ने पैदा कर दिया है। कोई भी धर्म इंसानियत के कत्ल की इजाजत नहीं दे सकता, यह तो केवल चन्द सिरफिरों की खराफात है जो सुल्तान बनने ख्वाबों के पीछे भागे जा रहे हैं। जिस्म से बेपनाह मुहब्बत करने वाले रूह के पैगाम को नजरंदाज कर रहे हैं। खुदा के नाम पर खुद के लिए, खानदान के लिए, खुशामदीदों के लिए दौलत इकट्ठा करने में जुटे लोगों की जमात अय्याशी के नये मुकाम हासिल करने को ही जन्नत मानती है। गुलामों की फौज पर रुतवा कायम किया जा सके। जिस्मानी मौज-मस्ती में गोते लगाये जा सकें। खुद की हिफाजत करते हुए अपनों के लिए बेतादाद दौलत जमा की जा सके। ऐसे लोगों की नजरों में देश, की वर्तमान नीतियां और विकास यात्रा बेहद खटक रही है। उज्जवल होती अन्तर्राष्ट्रीय छवि से लेकर मजबूत देशों के मध्य बढती पैठ तक षडयंत्रकारियों को खटक रही है। ऐसे में आतंकी नजरों में कैद होते हिन्दुस्तान के लिए बाह्य षडयंत्रकारी जितने घातक हैं उससे ज्यादा घातक हैं मुल्क में रहने वाले मीर जाफर, जिनके इरादे उनके बयानों में खुद-ब-खुद जाहिर हो रहे हैं।

## वर्ग पहेली 5502

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | | |
| 8 | 9 | | ■ | ■ | | ■ | |
| 10 | | | 11 | 12 | ■ | 13 | ■ |
| 14 | | 15 | | | ■ | 16 | 17 |
| 18 | | | ■ | 19 | 20 | | |
| ■ | ■ | 21 | | ■ | | ■ | |
| 22 | | | ■ | 23 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1953 को यह देश फ्रांस से स्वतंत्र हुआ (4)
4. चोरी करने के लिए दीवार में किया गया छेद (3)
7. जाने की क्रिया यह कहलाती है (6)
8. लदाई करना, उद्‌भरण करना (3)
10. नाम को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
11. प्रतिष्ठा, ख्याति, माप (2)
14. किसी का हक मारा जाना, स्वत्व हानि (उर्दू)(5)
16. पथ, मार्ग, रास्ता, पंथ (2)
18. वह व्यक्ति जो शासक हो, पटरी, पैमाना (अंग्रेजी) (3)
19. जिसने पहले किसी अपराध में सजा पायी हो, प्राणदंड (उर्दू)(4)
21. दीवारों आदि पर बनाए हुए फूल आदि, छोटा वृक्ष (2)
22. मुस्लिम धर्म की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
23. समतल, चौरस, अंगीकृत (4)

**(ऊपर से नीचे**
1. यह हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पत्नी का नाम है (6)
2. विचलित होना, डगमगाना (3)
3. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
4. बनावटी, कृत्रिम, कूटकृत (3)
5. महसूल, टेक्स, हाथ, हस्त (2)
6. रूप या अस्तित्व प्रदान करना, केला (अंग्रेजी)(3)
9. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)
11. सुस्वादु भोजन, क्रय-विक्रय की वस्तु (2)
12. उत्तम, बढिया, उम्दा (उर्दू)(3)
13. परजन भावनापूर्ण, अपनत्वहीन (3)
15. एक प्रकार का फल जो आकार में बड़ा होता है (4)
17. सप्ताह में एक बार होने वाला, साप्ताहिक (2)
20. फर्श पर बिछाने की छपी हुई चादर (3)

### वर्ग पहेली 5501 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | स | ■ | सा | ब | र | म | ती |
| वा | म | ■ | ध | म | की | ■ | त |
| ■ | का | नू | न | ■ | ब | या | र |
| फ | लि | त | ■ | ■ | ■ | त | ■ |
| ■ | क | न | क | ■ | डा | ल | ना |
| पी | ■ | वा | र | ना | ■ | ग | म |
| प | ■ | द | वा | मी | ■ | ना | क |
| ल | क्ष | ■ | ना | ■ | हां | ■ | ■ |

# किसी नेता–नेतृत्व के बिना भी होने लगे कामयाब आंदोलन

(संजय चक्रवर्ती, प्रोफेसर, टेम्पल यूनिवर्सिटी)

बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल में अशांत अगस्त के बाद एक अनिश्चित सितंबर भी बीत रहा है। दुनिया ने देखा, बांग्लादेश में जून में शुरू हुआ एक छोटा छात्र आंदोलन जन विद्रोह में बदल गया, जिसने उस देश के प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने और दिल्ली भागने के लिए मजबूर कर दिया। इधर, पश्चिम बंगाल में आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार व हत्या ने कोलकाता और अन्य जगहों पर हजारों लोगों को सड़कों पर उतार दिया। लोगों ने रोज जुलूस निकाला और रात्रि जागरण किया। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल हुए, पर ये लोग किसी भी राजनीतिक दल से नहीं जुड़े थे। वैसे, कोलकाता की कहानी का भविष्य पूर्वनिर्धारित लगता है–इसमें समायोजन और संशोधन होंगे, पर कोई बुनियादी बदलाव नहीं आएगा। वास्तव में, ये घटनाएं नेतृत्वहीन जन आंदोलनों के युग की नवीनतम उदाहरण हैं। अतीत में हमने अनेक ऐसी लामबंदियों को देखा है, जहां राजनीतिक दलों या संगठनों या नेताओं ने नेतृत्व किया है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में नमक सत्याग्रह और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति को ऐसे राजनीतिक आंदोलन के रूप में याद किया जा सकता है। हालांकि, ऐसे आंदोलन बढ़ रहे हैं, जो स्वत–स्फूर्त होते हैं। किसी एक घटना से ऐसे आंदोलनों की शुरुआत होती है, जिनमें कोई एक नेता या नेतृत्व नहीं होता है। वास्तव में, यह एक संचित क्रोध होता है, जो ऐसे आंदोलनों में फूटता है, जिसे किसी एक तय नेतृत्व की जरूरत नहीं होती है। ऐसे आंदोलन किसी संगठन, राजनीतिक दल के बूते नहीं होते हैं, बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से होते हैं। ऐसे आंदोलनों में आम तौर कोई भी आंदोलनकारी यह बताने में सक्षम होता है कि उसका मकसद क्या है?

विरोध के इस नए स्वरूप की कुंजी दरअसल नई संचार तकनीक है। मोबाइल फोन ही बिखरे हुए जनसमूह को संगठित करने का सही साधन बन गया है। मोबाइल या सोशल मीडिया के जरिये लोगों को कम समय में कहीं भी जुटाया जा सकता है। यहां अचानक से उमड़ने वाली भीड़ को 'फ्लैश मॉब' कहा जाता है। अचानक उमड़ी भीड़ रेलवे स्टेशन पर नृत्य करने लगती है या पुलिस स्टेशन पर आगजनी करती है या कहीं सड़कों पर उमड़ आती है। अब लोगों के बीच संचार क्षमता इतनी शक्तिशाली है कि इसे यूरोप में धर्म, भाषा और राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने वाले माध्यमों में प्रिंटिंग प्रेस के बाद दूसरा सबसे क्रांतिकारी माध्यम माना जाने लगा है। दुनिया में नेतृत्वहीन जन आंदोलनों के कई उदाहरण हैं–साल 2011 का 'अरब प्रिंग' आंदोलन ऐसा ही था। जो ट्यूनीशिया में शुरू हुआ और मिस्र, लीबिया, सीरिया, यमन व अन्य देशों में भी फैल गया, जिसके चलते अनेक शासकों को हटना पड़ा। ऐसे आंदोलन, बोलीविया, हांगकांग और म्यांमार में भी हुए हैं। कुछ जगहों पर लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों को कुचला गया है, पर कई जगह कामयाबी मिली है।

सवाल यह है कि नेतृत्वहीन आंदोलनों से हम क्या सबक ले सकते हैं? कुछ आंदोलन कामयाब क्यों होते हैं और कुछ नाकाम क्यों हो जाते हैं? भारत में ऐसे आंदोलनों की क्या संभावना है? अनेक देशों में ऐसे आंदोलनों के साथ सेना या पुलिस भी खड़ी हो जाती है। भारत में ऐसी स्थिति की कल्पना असंभव है, जिसमें सेना किसी प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दे। यहां लोगों द्वारा किए जाने वाले छोटे आंदोलन तो हो सकते हैं, पर राष्ट्रीय स्तर पर बिना नेतृत्व के जन आंदोलन खड़ा करना नामुमकिन है।

# आज का राशिफल

### मेष
आज काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आपको बच्चों के काम से काफी इधर-उधर जाना पड़ सकता है। आपको ऑफिस में सहयोगियों का और घर में अपने छोटों का सहयोग मिलेगा। दूसरों से उपहार का लाभ मिलेगा और इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। फालतू खर्च से बचने की सलाह है और अपने काम पर फोकस बनाए रखें।

### वृषभ
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आर्थिक मामलों में दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। आप अपने सहयोगियों की मदद से हर कार्य को समय से पहले पूरा कर लेंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।जमीन खरीदने से पहले कोई कागज सोचसमझकर साइन करें। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और दिन सफलता से भरा होगा। किसी को बहुत पहले दिया गया उधार आज वापस मिल जाएगा। ऐसा होने पर आपकी खुशी होगी और हर काम बिना किसी रोकटोक के पूरा हो जाएगा। दिन भर आपको कई सरप्राईज मिलते रहेंगे।

### कर्क
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपका पूरा दिन आनंद में बीतेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी। नए काम में कुछ रुकावट आ सकती है। इसलिए कुछ भी करने से पहले एक बार सोच लें। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपके घर में आनंद का माहौल रहगा। प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं और किसी मुकदमे में आपकी जीत हो सकती है। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन खर्च भी इस बीच बढ़े हुए रहेंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों के लिए सफलता और प्रसिद्धि पाएंगे ।

### कन्या
आज किस्मत साथ दे रही है और आपका दिन लाभ से भरा होगा। सहयोगी कुछरिलैक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा मन प्रसन्न रहेगा। आपको हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा से लाभ पाएंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### तुला
आज दिन सम्मान से भरा होगा और सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। आप किसी बड़े आयोजन में भाग ले सकते हैं। विरोधियों का सिर नीचा करने में सफलता मिलेगी। आपको अपने काम को आगे बढ़ाने के कई मौके मिलेंगे और किस्मत भी आपका साथ देगी।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आपको कुछ सोशल वर्क करने का मौका मिलेगा और ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आप अपने करियर में हर कार्य में सफलता पाएंगे और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। किसी बात पर आपकी जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होने की उम्मीद है और आपका कोई कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है बशर्ते आपके सहयोगी सपॉर्ट करें। आप फालतू बात पर ध्यान न दें और अपने काम पर फोकस करें।

### मकर
आज दिन करियर और कारोबार के मामले में मिलाजुला रहेगा और कुछ योजनाएं सफल होंगी। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई हो सकती है।

### कुंभ
आज करियर और कारोबार के मामले में भाग्य का साथ मिल रहा है। आपको दिन की शुरुआत में थोड़ा अधिक काम करना पड़ेगा और बाद में सब सही हो जाएगा। हर मामले में धैर्य से काम लेने की सलाह है। कोई भी ऐसा काम न करें कि आपको उसमें नुकसान हो। आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं।

### मीन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी सौदे या लेन देन की टेंशन न लें। बढ़ते खर्च को काबू में करने की कोशिश करें तो आपको लाभ होगा। इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को पूरा कर लेंगे। उपहार और सम्मान के मामले में लाभ होगा और रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। भाग्य में वृद्धि का दिन है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोजेक्ट पूरे पर नहीं हो पाया 76 हजार करोड़ का भुगतान, नए संकट में घिरी एकनाथ शिंदे सरकार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले महायुति सरकार नई योजनाओं पर फोकस कर रही है। वहीं राज्य की अर्थव्यवस्था संकट का सामना कर रही है।



कॉन्ट्रैक्टर्स का अभी पुराना भुगतान भी नहीं हो पाया है। 76 हजार करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को लेकर कॉन्ट्रैक्टर हड़ताल की धमकी दे रहे हैं। महाराष्ट्रके मंत्री गिरीश महाजन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही बकाया का भुगतान कर दिया जाएगा। 25 सितंबर को कॉन्ट्रैक्टरों, डिवेलपर, इंजीनयर और मजदूर संगठनों ने एक ऑनलाइन बैठक बुलाई है। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और आगे की योजना निर्धारित होगी। महाराष्ट्र स्टेसट कॉन्ट्रैक्टर्स फेडरेशन और स्टेट इंजीनियर्स असोसिएशन के अध्यक्ष मिलिंद भोसले ने कहा ढाई साल से पेमेंट नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विभागों का करीब 76 हजार करोड़ का भुगतान होना है। बता दें कि हाल ही में राज्य सरकार ने महिलाओं, किसानों, युवाओं और आदिवासियों के लिए योजनाएं लॉन्च की हैं। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर्स से संबंधित मंत्रालयों से संवाद करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार ने अलग-अलग विभागों के लिए फंड आवंटित कर दिया है। ऐसे में जल्द ही बिल का भुगतान कर दिया जाएगा। बता दें कि इस बार बजट में वित्त मंत्री अजित पवार ने सात योनजाओं के लिए करीब 1 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। बजट में राजस्व घाटा 20.151 करोड़ और राजकोषीय घाटा 1.1 लाख करोड़ बताया गया है। इसके अलावा राज्य पर सात लाख करोड़ रुपये का कर्ज है।

### छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सीमा पर भीषण मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने घेरा इलाका, 3 नक्सली ढेर



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले और महाराष्ट्र की सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया जिसके बाद फायरिंग हुई। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों से तीन ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किया है। मुठभेड़ की पुष्टि नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने की है। बस्तर आईजी पी. सुंदरराज पुरे मुठभेड़ पर नजर बनाए हुए हैं। मुठभेड़ जारी है। जवानों की ओर से तगड़ी जवाबी कार्रवाई जारी है। अभी एक दिन पहले ही दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान कुल 12 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया था। रविवार को सरेंडर करने वालों में तीन महिला नक्सली भी शामिल थीं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित था। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब निर्णायक स्थिति में नजर आने लगी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान के बाद लगातार बस्तर के अलग-अलग जिलों में सुरक्षाबलों ने बड़े ऑपरेशन कर नक्सली संगठनों की कमर तोड़नी शुरू कर दी है। बस्तर के नारायणपुर जिले में एसपी प्रभात कुमार लगातार नक्सलियों के खिलाफ एक के बाद एक सफल ऑपरेशन करते जा रहे हैं। वहीं यूनीवार्ता की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दंतेवाड़ा में रविवार को एक पुरुष और तीन महिला नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। पड़ोसी सुकमा जिले के रहने वाले इन नक्सलियों पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन चारों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि इनका पुनर्वास लोन वर्राटू (घर वापसी) अभियान के तहत किया जाएगा। वही वीजापुर जिले में 8 नक्सलियों ने सरेंडर किया। इस साल अब तक 178 नक्सलियों ने सरेंडर किया है जबकि 378 गिरफ्तार किए गए हैं।

### अब मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर के लड्डुओं की शुद्धता पर उठे सवाल

**मुंबई, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित बालाजी मंदिर में लड्डुओं में पशु चर्बी मिलाने के खुलासे और हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचने के विवाद के बाद अब मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के लड्डुओं की शुद्धता पर भी सवाल उठने लगे हैं। सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद में चूहों के बच्चे मिले हैं। इसके बाद ये सवाल उठने लगे हैं कि प्रसाद साफ-सुथरे स्थल पर बनाकर नहीं रखे जा रहे हैं और वह अशुद्ध हैं। ये आरोप एक वीडियो के आधार पर लगाए जा रहे हैं, जिसमें सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को बांटे जाने वाले महाप्रसाद लड्डू के पैकेट में चूहे के बच्चे मिले हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज में प्रसाद के पैक्ट्स में चूहे दिख रहे हैं। इस आरोप पर सिद्धिविनायक मंदिर मंदिर ट्रस्ट की सचिव वीणा पाटिल ने यह मानने से इनकार किया है कि फुटेज मंगदिर ट्रस्ट के अंदर की हैं।

# बदलापुर कांड के आरोपी को पुलिस ने गोलियों से भूना, शिवसेना ने बांटी मिठाइयां; भड़का है विपक्ष



**बदलापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में मौत पर सियासी घमासान शुरू हो गया है। एक तरफ विपक्ष ने घटना पर आश्चर्य जताते हुए मामले में न्यायिक जांच की मांग की तो शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार सुबह बदलापुर रेलवे स्टेशन पर मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर पोस्टर भी प्रदर्शित किए। पुलिस अधिकारियों का मामले में कहना था कि शिंदे को जब तलोजा जेल से बदलापुर लाया जा रहा था तो उसने पुलिस की रिवॉल्वर छीनी और गोली चला दी। जवाबी हमले में वो मारा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्कूल में सफाईकर्मी के रूप में काम करने वाले अक्षय शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए एक अन्य मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जब तलोजा जेल से बदलापुर ले जाया जा रहा था तभी उसने पुलिसकर्मियों में से एक की रिवॉल्वर छीन ली और गोली चला दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद, उसे कालवा स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों के चलते उसने दम तोड़ दिया। शिवसेना ने बांटी मिठाइयां बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से मौत के एक दिन बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ठाणे के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर पोस्टर प्रदर्शित किए और मिठाइयां बांटीं। उधर, मामले में विपक्षी दलों द्वारा न्यायिक जांच की मांग उठाई जा चुकी है। मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को आत्मरक्षा में गोली मारी। आरोपी की गोलीबारी में एक एएसआई घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताई एनकाउंटर की कहानी ठाणे पुलिस ने एक बयान में कहा, पुलिस टीम ने शाम 5:30 बजे उसे अपनी हिरासत में लिया। वापसी में पुलिस की गाड़ी शाम 6 से 6:15 बजे के बीच मुंब्रा बाईपास पर थी, तभी आशके अन्ना शिंदे (24) ने एपीआई नीलेश मोरे की सर्विस रिवॉल्वर छीन ली और पुलिस दल पर तीन गोलियां चला दी। एक गोली मोरे के पैर में लगी। दो अन्य गोलियां इधर उधर चली गईं। पुलिस ने कहा, आत्मरक्षा में पुलिस दल के एक अन्य अधिकारी ने आरोपी पर एक गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया। एपीआई मोरे और शिंदे को कलवा सिविक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोरे को जुपिटर अस्पताल रेफर कर दिया। कलवा सिविक अस्पताल के डॉक्टरों ने शिंदे को मृत घोषित कर दिया। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेजा जाएगा। विपक्ष ने एनकाउंटर पर उठाए सवाल विपक्षी दलों ने इस घटना की निंदा की है, जिन्होंने घटनाक्रम पर सवाल उठाए हैं और यह भी पूछा है कि क्या यह उस मामले में सबूत नष्ट करने का प्रयास है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर आक्रोश पैदा किया था। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा किया कि यह मुठभेड़ कुछ अन्य लोगों को बचाने के लिए की गई। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, ''यह चौंकाने वाला है। इस घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए।'' वडेट्टीवार ने कहा, ''क्या यह सबूत नष्ट करने का प्रयास है? उसने रिवॉल्वर कैसे छीन ली और पुलिस इतनी लापरवाह कैसे थी? हम इस मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हैं।'' महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने आश्चर्य जताया कि क्या यह मुठभेड़ स्कूल के न्यासियों को बचाने के लिए की गई, जिन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने आरोपी अक्षय शिंदे को आत्मरक्षा में गोली मारी। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''अक्षय शिंदे की पूर्व पत्नी ने उस पर यौन हिंसा का आरोप लगाया था और पुलिस उसे इन आरोपों के सिलसिले में जांच के लिए ले जा रही थी। उसने एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीन ली और गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई।' वहीं, आरोपी अक्षय शिंदे की मां और चाचा ने इस घटना को मुठभेड़ करार दिया और न्याय की मांग की। इस बीच, पीड़ित बच्चियों के वकील ने इसे न्याय की हत्या बताया है। पिछले महीने, ठाणे जिले के एक स्कूल के शौचालय में शिंदे द्वारा दो बच्चियों का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने के बाद सड़कों और स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। गौरतलब है कि स्कूल ने एक अगस्त को अपने शौचालयों की सफाई के लिए अक्षय शिंदे को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया था। स्कूल के शौचालय में, 12 अगस्त को दोनों बच्चियों के साथ कथित तौर यौन उत्पीड़न किया गया था।

## चुनाव से पहले शिंदे सरकार का ट्रम्प कार्ड, ब्राह्मण-क्षत्रिय कल्याण बोर्ड का ऐलान; बजट भी आवंटित



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधान सभा चुनावों से ऐन पहले राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार ने बड़ा दांव चला है। शिंदे कैबिनेट ने आज राज्य में ब्राह्मण और राजपूत जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए दो अलग-अलग निगमों के गठन का फैसला किया है। ब्राह्मण जातियों के लिए परशुराम आर्थिक विकास निगम और राजपूत समुदाय के लिए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आर्थिक विकास निगम का गठन करने का फैसला लिया गया है। मंत्रिमंडल ने दोनों कल्याण बोर्डों के लिए 50-50 करोड़ रुपए का आवंटन भी कर दिया है। महाराष्ट्र में ब्राह्मण समुदाय इस कल्याण बोर्ड की स्थापना के लिए कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था। विधान सभा चुनाव से पहले राज्य में आरक्षण की मांग को लेकर कई समुदाय आक्रामक हो गए हैं। इसी के मद्देनजर शिंदे सरकार ने ये फैसला लिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में आज 24 अहम फैसले लिए गए। इसमें तीन कुनबी उपजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने का भी निर्णय शामिल है। माना जा रहा है कि राज्य की महायुति सरकार ने इन फैसलों के जरिए उन समुदायों को खुश करने की कोशिश की है, ताकि उसका चुनावी लाभ मिल सके। महाराष्ट्र सरकार ने एक अन्य फैसले में पुणे हवाई अड्डे का नाम जगदुरु संत तुकाराम महाराज पुणे अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन करने के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दी है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया और प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने हवाई अड्डे का नाम बदलने के केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मोहोल पुणे से ही हैं।

## अब तिरुपति के मंदिर के लड्डू में तंबाकू मिलने का दावा

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुपति स्थित मंदिर के प्रसाद में कथित तौर पर जानवर की चर्बी होने से विवाद जारी है। इसी बीच एक महिला की तरफ से दावा किया जा रहा है कि श्री वेंकटेश्वरा मंदिर में मिले लड्डू के अंदर तंबाकू की पुड़िया मिली है। हालांकि, इसे लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाए थे कि जगन मोहन रेड्डी की सरकार में तिरुपति मंदिर में बांटे जाने वाले लड्डुओं में जानवर की चर्बी पाई गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, खम्मम जिले की रहने वालीं दोन्थु पद्मावति ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें प्रसाद के रूप में मिले लड्डू के अंदर कागज में तंबाकू था। वह 19 सितंबर को तिरुपति मंदिर गई थीं। उस दौरान वह परिवार और पड़ोसियों के लिए प्रसादम लेकर आई थीं। चैनल से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह बांटने से पहले ही उन्हें लड्डू के अंदर तंबाकू मिल गया था। उन्होंने कहा, मैं लड्डू बांटने ही वाली थी कि अचानक एक छोटे से कागज के टुकड़े में तंबाकू के अंश मिलने से मैं घबरा घबरा गई। उन्होंने इस घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा, प्रसादम पवित्र होना चाहिए और ऐसी मिलावट का पता चलना दिल तोड़ने वाला है। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं।

# वक्फ विधेयक के विरोध की झूठी कहानी फैला रहे लोग, समर्थन में हैं मुस्लिम संगठन- रिजिजू



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ विधेयक पर चल रहे विरोध को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम संगठन इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग इसके खिलाफ झूठी कहानी फैला रहे हैं कि सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक के जरिए मुस्लिमों की जमीन छीन लेगी। उन्होंने कहा कि जितने भी संगठनों से मैंने बात की है वह सभी इसका समर्थन कर रहे हैं।

रिजिजू ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति को वक्फ संशोधन विधेयक के संबंध में रिकॉर्ड संख्या में सिफारिशें मिली हैं, जिन्हें समीक्षा के लिए भेजा गया था। उन्होंने कहा कि कई लोग इस बात का झूठा प्रचार कर रहे हैं कि इसके द्वारा केंद्र मुस्लिम समुदाय की जमीन छीनने का काम करेगी,यह झूठी बात है इसका प्रचार बंद होना चाहिए, लोगों को इस झूठे नैरेटिव को आगे आकर तोड़ना चाहिए। संसदीय समिति द्वारा वक्फ अधिनियम में सुधार के जो प्रयास किए जा रहे हैं वह एक व्यापक राष्ट्रीय पहल का हिस्सा है। यह संशोधन सुनिश्चित करेंगे कि वक्फ संपत्तियों का मुस्लिम समुदाय के व्यापक हित के लिए किया जाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संसदीय समिति संशोधन विधेयक के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा कर रही है, जिसमें रिकॉर्ड का डिजटलीकरण, सख्त ऑडिट, कानूनी सहारा और वक्फ प्रबंधन का डि-सेंट्रलाइजेशन शामिल है। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संसदीय समिति 26 सितंबर से 1 अक्तूबर तक पांच राज्यों में विभिन्न हितधारकों के साथ अनौचारिक चर्चा में शामिल होने के लिए तैयार है। इन चर्चाओं का उद्देश्य वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित परिवर्तनों को बढ़ाना है, जो देश भर में 6 लाख से ज्यादा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन की देखरेख करता है।

वक्फ अधिनिमय को मूल रूप से 1995 में अपनाया गया था। इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने का था। लेकिन इस पर समय-समय पर कुप्रबंधन, अतिक्रमण और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। मोदी सरकार की तरफ से लाए गए इस वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य इसमें व्यापक सुधारों को लागू करना है। इसमें डिजटलीकरण, कठोर ऑडिट सिस्टम और पारदर्शिता को लागू करना और गैर कानूनी तरीके से कब्जाई गई संपत्तियों को वापस लेने के लिए कानूनी उपाय शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि यह चर्चाएं यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि वक्फ अधिनियम में संशोधन व्यावहारिक, प्रभावी और सामुदायिक आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी हैं। संसदीय सत्र के पहले सप्ताह के खत्म होने तक इस समिति के रिपोर्ट देने की उम्मीद है।

# मेरी रगों में कांग्रेस का खून, न्योता और नसीहत न दें... भाजपा के ऑफर पर सैलजा की दो टूक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस महासचिव और सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने अपनी नाराजगी की खबरों के बीच दो टूक कहा है कि उनकी रगों में कांग्रेस का खून है और वह कांग्रेसी ही रहेंगी। 61 वर्षीय दलित नेता का यह बयान तब आया है, जब राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया है। इस तरह से कुमारी सैलजा ने पूर्व सीएम खट्टर का न्योता ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि वह अगले दो-तीन दिनों में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा, ''पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं। पार्टी को जिताने के लिए हमने लोकसभा चुनाव में मेहनत की, उसके बाद भी मेहनत की, इसलिए कि हम जमीन पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर सकें, हरियाणा के लोगों की लड़ाई लड़ें, अपने कार्यकर्ताओं की लड़ाई लड़ें। उनका कहना था, ''हमें उसी काम को आगे ले जाते हुए कांग्रेस की सरकार बनानी है।'' यह पूछे जाने पर कि वह चुनाव प्रचार कब शुरू करेंगी तो सैलजा ने कहा, ''अगले दो-तीन दिनों में चुनाव प्रचार शुरू करूंगी।'' कांग्रेस नेतृत्व के साथ अपनी बैठक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती है, वो हमारा फीडबैक लेते हैं। भाजपा के कटाक्ष और उनको अपने साथ आने का निमंत्रण देने के सवाल पर कांग्रेस नेता ने कहा, ''मैं चुप थी, इसलिए वो कुछ-कुछ बातें करते हैं। उनको भी मालूम और सबको मालूम है कि सैलजा कांग्रेसी हैं।'' इससे पहले कुमारी सैलजा ने आज तक से एक कार्यक्रम में कहा, मेरी रगों में कांग्रेस का खून है। जिस तरह मेरे पिता को पार्टी के झंडे में लपेटा गया था, उसी तरह मैं भी पार्टी छोड़ूंगी। इस बीच, पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को कहा कि सैलजा 26 सितंबर को नरवाना में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव 61 वर्षीय सैलजा पार्टी का एक प्रमुख दलित चेहरा हैं। हरियाणा में आगामी पांच अक्टूबर को मतदान होने जा रहा है।

## हरियाणा में अगर बंट गए दलित वोट तो फायदा किसका?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधान सभा की 90 सीटों के लिए 5 अक्तूबर को चुनाव होने हैं लेकिन उससे पहले राज्य के दलित वोटरों को अपनी तरफ रिझाने के लिए राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बीच खींचतान तेज हो गई है। इस खींचतान के केंद्र बिन्दु में अचानक कांग्रेस की महासचिव और चर्चित दलित नेता कुमारी सैलजा आ गई हैं। 61 वर्षीय सैलजा कांग्रेस पार्टी का एक प्रमुख दलित चेहरा हैं लेकिन कथित तौर पर पार्टी से उनके नाराज होने की खबरें चल रही हैं। ऐसी खबरें हैं कि कुमारी सैलजा ने विधानसभा चुनाव प्रचार से दूरी बना ली है। हालांकि, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि सैलजा 26 सितंबर से चुनाव प्रचार करेंगी। इस बीच, केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को अपनी पार्टी में शामिल होने का न्योता दे दिया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राज्य इकाई में कथित अंदरूनी कलह की ओर भी इशारा किया है। अब केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भी सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे 'दलित विरोधी' पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का 'अपमान' किया है। शाह ने टोहना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। माना जा रहा है कि कुमारी सैलजा इस बात से नाराज हैं कि पार्टी ने उनके धुर विरोधी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को टिकट वितरण में खुली छूट दे दी, क्योंकि टिकट पाने वाले ज्यादातर उम्मीदवार हुड्डा के करीबी माने जाते हैं। राज्य की 17 आरक्षित सीटों में से अधिकतर पर हुड्डा के वफादारों को ही टिकट मिला है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा का सिरसा, अंबाला और हिसार समेत कई जिलों में अच्छा जनाधार है। सैलजा इस चुनाव में आखिरी बार 11 सितंबर को पार्टी उम्मीदवारों शमशेर सिंह गोगी और शैली चौधरी के समर्थन में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुई थीं। ऐसे में सवाल उठते हैं कि आखिर कुमारी सैलजा के लिए भाजपा और उसके नेताओं को चिंता क्यों हो रही है, जबकि यह कांग्रेस पार्टी का अंदरूनी मामला है। इसका सीधा सा जवाब राज्य का करीब 20 फीसदी दलित वोट बैंक हैं। चूंकि कुमारी सैलजा राज्य की चर्चित और दलित शख्सियत हैं, और उनके कांग्रेस में साइडलाइन होने की सियासी चर्चाएं खूब हो रही हैं, इसलिए भाजपा उनके बहाने पूरे दलित समाज को यह बताने की कोशिश कर रही है कि कांग्रेस दलित विरोधी है। भाजपा कुमारी सैलजा का उदाहरण देकर राज्य के 20 फीसदी वोट बैंक में कांग्रेस के खिलाफ हवा बनाने की कोशिश कर रही है। हरियाणा में दलित वोट किसी खास क्षेत्र में केंद्रित ना होकर पूरे राज्य में फैले हैं। इस वजह से उनका प्रभाव पूरे राज्य में है। फतेहाबाद जिले में तो उनकी संख्या 25 फीसदी से भी ज्यादा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अगर भाजपा दलित वोट में विभाजन कराने में कारगर रही।

# हिमाचल में मई जैसी गर्मी, शिमला में तो टूट गया 30 साल का रिकॉर्ड; लेकिन इन दो दिनों में होगी भारी बारिश

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मॉनसून धीमा हो गया है। इसके चलते दिन में चटक धूप खिलने की वजह से गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। मैदानी इलाकों में मई महीने की तरह गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सितंबर महीने के आखिरी दिनों में मौसम के गर्म मिजाज से लोग हैरान हैं। बादलों के न बरसने से हिल्स स्टेशनों में भी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है।

**शिमला में गर्मी ने तोड़ा 30 साल का रिकॉर्ड :** राजधानी शिमला में सितंबर महीने में सोमवार को तीन दशक बाद दिन का पारा 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। इससे पहले सितंबर 1994 में शिमला का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा था। अन्य ठंडे रहने वाले पहाड़ी इलाकों कल्पा, कुफरी, नारकंडा और डल्हौजी में भी अधिकतम तापमान में उछाल आया है। राज्य के सभी क्षेत्रों में मंगलवार को भी आसमान साफ है तथा पारे में और उछाल आएगा।

**दो दिन भारी बारिश का अलर्टः** हालांकि मौसम विभाग ने 26 सितंबर से मॉनसून की सक्रियता से बादलों के बरसने का अनुमान जताया है। 26 व 27 सितंबर को मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में भारी बारिश के साथ मेघ गर्जना व आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर शेष 10 जिलों के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। 28 और 29 को भी हल्की बारिश मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मॉनसून अब अंतिम चरण में है और 26 व 27 सितंबर को इसका असर देखने को मिलेगा। राज्य के कई हिस्सों में इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। खासकर 26 सितंबर को भारी वर्षा होने की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि बादलों के बरसने से दिन के तापमान में कमी देखने को मिलेगी। 28 व 29 सितंबर को भी हल्की वर्षा होने के आसार हैं, हालांकि किसी तरह का अलर्ट नहीं रहेगा।

मॉनसून के धीमे पड़ने से राज्य के न्यूनतम तापमान में उछाल आया है और रातें गर्म हो गई हैं। सोमवार की रात 16 शहरों का न्यूनतम पारा सामान्य से अधिक दर्ज किया। शिमला में न्यूनतम पारा 18, सुंदरनगर में 21, भुंतर में 19.5, कल्पा में 12, धर्मशाला में 19.9, ऊना में 22.6, नाहन में 24.1, केलंग में 10.2, पालमपुर में 18, सोलन में 20.5, मनाली में 15.6, कांगड़ा में 20.6, मंडी में 22.7 और बिलासपुर में 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नहीं खुलीं भूस्खलन से बंद 23 सड़कें प्रदेश में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद भूस्खलन आने से 23 सड़कें अब भी बंद हैं। इसमें सबसे अधिक 10 सड़कें कांगड़ा जिले की हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक मंडी जिले में छह, कुल्लू में चार, शिमला में दो और सिरमौर में एक सड़क बंद है। केंद्र के मुताबिक बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इस बीच शिमला-बिलासपुर नेशनल हाइवे सोलन जिला के दाड़लाघाट के पास कराड़ा घाट में हुए भूस्खलन से बार-बार अवरुद्ध हो रही है।

एमएस धोनी ने फिर जीता दिल!

# सीएसके से लेंगे सिर्फ इतनी रकम?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भले ही आईपीएल में अब चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान नहीं हैं, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग में कोई कमी नहीं आई है.

आज भी उनके फैंस पूरे स्टेडियम को पीले रंग में रंग देते हैं. धोनी भी अपने किसी न किसी फैसले से फैंस का दिल जीतते रहते हैं. इस बीच एक ऐसी खबर आई है, जिससे माही एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं. फैंस उनके इस फैसले को खूब पसंद कर रहे हैं.

इसमें कोई शक नहीं है कि धोनी के दिल में चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी की एक खास जगह है.

वो कई बार इसे जगजाहिर भी कर चुके हैं. एक बार फिर धोनी ने टीम के लिए एक बड़ा फैसला लिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, धोनी आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स से सिर्फ 6 करोड़ रुपये ही लेंगे.

## खुद कम की अपनी सैलरी

### रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट कब होगी जारी?

आईपीएल की सभी 10 टीमों को 15 नवंबर से पहले-पहले अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करनी होगी. नियमों के हिसाब से मेगा ऑक्शन से पहले सभी टीमें सिर्फ चार खिलाड़ी ही रिटेन कर सकती हैं. बाकी सभी खिलाड़ियों को रिलीज करना होता है.

हालांकि, इस बार इस नियम में बदलाव हो सकता है. बताया जा रहा है कि अब सभी टीमें चार के बजाय पांच खिलाड़ी रिटेन कर सकेंगी, लेकिन अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है.

### इन खिलाड़ियां को रिटेन कर सकती है चेन्नई सुपर किंग्स

रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2025 के लिए रवींद्र जडेजा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे और मथीषा पथिराना को रिटेन करेगी. हालांकि, ऐसा तब होगा, जब धोनी एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन किए जाएंगे. अगर धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन करने की अनुमति नहीं मिलती है तो फिर चेन्नई अपने प्लान में बदलाव कर सकती है.

## सार समाचार



### भारतीय जूनियर निशानेबाज पेरू में चमक बिखेरने को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 40 निशानेबाज, 14 कोच और पांच सहयोगी कर्मचारियों सहित 60 भारतीयों का पहला दल 26 सितंबर से 7 अक्टूबर तक होने वाली अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैम्पियनशिप राइफल भाग लेने के लिए पेरू की राजधानी लीमा रवाना होने के लिए तैयार हैं। पिछले वर्ष कोरिया के चांगवान में आयोजित जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने छह स्वर्ण सहित 17 पदक जीते थे और पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। चैंपियनशिप के लिए पहले ही 35 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई थी। इस टीम में भारतीय निशानेबाजी के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय जूनियर सर्किट के कई स्थापित नाम शामिल हैं, जिनमें अभिनव शॉ, गौतमी भनोट, पार्थ राकेश माने, शांभवी, विभूति भाटिया, शार्दुल विहान, सबीरा हारिस, भव्या त्रिपाठी, हरमेहर सिंह लाली और भवतेग सिंह गिल जैसे खिलाड़ी हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने सोमवार को बताया कि मुकेश नेलावल्ली एकमात्र निशानेबाज होंगे जो क्रमशः दो स्पर्धाओं, पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में हिस्सा लेंगे।

20 निशानेबाजों और दो कोच वाला दूसरा बैच एक सप्ताह बाद रवाना होगा, क्योंकि उनके मैच चैंपियनशिप के दूसरे हॉफ में निर्धारित हैं।

### स्पेन की टीम में नडाल, अल्काराज़ शामिल



**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन ने नवंबर में मलागा में खेले जाने वाले डेविस कप फाइनल्स के लिए राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज़ को अपनी टीम में शामिल किया है, जिससे हाल ही में पेरिस ओलंपिक से उनकी युगल साझेदारी को नवीनीकृत करने की संभावना बनी हुई है।

स्पेन 19-24 नवंबर को मलागा, स्पेन में आठ टीमों के आयोजन डेविस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल दौर में नीदरलैंड से भिड़ेगा। 2024 डेविस कप खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले आठ देशों ने फाइनल 8 के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है, जिसमें खेल के कुछ सबसे बड़े सितारे 2024 विश्व चैंपियन बनने के अधिकार के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। जबकि विश्व नंबर 1 जानिक सिनर एक इतालवी टीम का नेतृत्व करेंगे, जो 2012-13 में चेक गणराज्य के बाद से अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाला पहला देश बनने का लक्ष्य रख रही है, और सारा ध्यान नडाल और अल्काराज के साथ स्पेन पर होगा।

# जडेजा के लिए का खास होगा कानपुर टेस्ट



### कौन सा रिकॉर्ड बनाएंगे जडेजा?

27 सितंबर से शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3000 रन के 'ग्रैंड डबल' को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। जड्डू के नाम अभी 299 विकेट और 3122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं। टीम की जीत में अहम रोल निभाने के बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलतीं।

टेस्ट में कई बार ऐसा हुआ है जब जडेजा ने भारत को मुश्किल से निकाला है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की 280 रन की जीत के दौरान भी इसका नजारा देखने को मिला जब 144 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद जडेजा और अश्विन ने सातवें विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी करके भारत को 376 रन तक पहुंचाया। जडेजा ने 86 रन बनाए, लेकिन चर्चा अश्विन के शतक पर केंद्रित रही। जडेजा ने मैच में पांच विकेट चटकाए, लेकिन अश्विन ने दूसरी पारी में छह विकेट हासिल करके यहां भी उन्हें पीछे छोड़ दिया।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रविंद्र जडेजा कागजों पर कभी भारतीय स्पिन अटैक की अगुआई करते नहीं दिखते। वाइट बॉल फॉर्मेट में स्पिन डिपार्टमेंट में कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल अगुआई करते दिखते हैं तो रेड बॉल में स्पिन फ्रंट का जिम्मा रविचंद्रन अश्विन संभालते हैं। हालांकि, जब टीम मैदान पर उतरती है तो यह थ्री-डायमेंशनल प्लेयर हर विभाग में अपनी मौजूदगी दर्ज करा देता है।

### अश्विन भी लेते हैं प्रेरणा?

इस बात पर खूब चर्चा हुई कि अश्विन ने किस तरह से बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज शाकिब अल हसन के खिलाफ कोणों का इस्तेमाल करके उन्हें आउट करने की नींव रखी। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा, 'कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटर्स के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं। फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं।'

### इस स्पेशल क्लब में कौन-कौन शामिल?

टेस्ट में 300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में स्टुअर्ट ब्रॉड, शेन वॉर्न, कपिल देव, डेनियल विटोरी, चामिंडा वास, शॉन पोलाक, इयान बॉथम, आर अश्विन, इमरान खान और रिचर्ड हेडली का नाम शामिल है। टेस्ट क्रिकेट में आर अश्विन और जडेजा ने मिलकर साढ़े छह हजार से ज्यादा रन और 821 विकेट झटके हैं।

# इस अनजान क्रिकेटर ने लिए 10 विकेट

## हासिल किया अनिल कुंबले वाला परफेक्ट 10

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट इतिहास में ऐसे कम ही मौके आए जब किसी गेंदबाज ने एक पारी में सभी 10 विकेट लिए. इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा कारनामा सिर्फ तीन बार हुआ है. इंग्लैंड के महान जिम लेकर, पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले



और एजाज पटेल (न्यूजीलैंड) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं. तीनों ने ही टेस्ट क्रिकेट में ऐसा कारनाम किया.

अब मुंबई की प्रतिष्ठित कांगा लीग में एक गेंदबाज ने पारी में 10 के 10 विकेट ले लिए. इस गेंदबाज का नाम है- शोएब खान. बाएं हाथ के स्पिनर शोएब कांगा लीग ई-डिवीजन में गौड़ सारस्वत क्रिकेट क्लब के लिए खेल रहे थे. गवर्नमेंट लॉ कॉलेज की पिच पर शोएब ने बिना ब्रेक के लगातार 17.4 ओवर गेंदबाजी की और जौली क्रिकेटर्स के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट किया.

शोएब खान की कातिलाना गेंदबाजी के चलते जौली क्रिकेटर्स की टीम 67 रन पर आउट हो गई. जवाब में गौड़ सारस्वत ने अंकुर दिलीपकुमार सिंह के नाबाद 27 रन की बदौलत छह विकेट पर 69 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की. इसके बाद जॉली क्रिकेटर्स ने अपनी दूसरी पारी में 36-3 रन बनाए. पहली पारी की लीड के आधार पर गौड़ सारस्वत ने जीत हासिल की.

**...जब कुंबले-लेकर और एजाज ने रचा इतिहास**

बता दें जिम लेकर ने साल 1956 में मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 53 रन देकर 10 रन विकेट लेने के अद्भुत आंकड़े दर्ज किए थे. वहीं अनिल कुंबले ने साल 1999 में नई दिल्ली में पाकिस्तान के खिलाफ 26.3 ओवर्स में 74 रन देकर 10 विकेट चटकाए थे. फिर एजाज पटेल ने दिसंबर 2021 में भारत के खिलाफ वानखेड़े टेस्ट मैच में 119 रन देकर 10 विकेट हासिल किए.

कांगा लीग प्रतियोगिता पूर्व क्रिकेटर डॉ. होरमासजी कांगा के सम्मान में शुरू की गई थी. होरमासजी कांगा ने 43 फर्स्ट क्लास मैचों में 1905 रन बनाए थे और 33 विकेट भी लिए. कांगा लीग मुंबई के विभिन्न मैदानों- आजाद मैदान, शिवाजी पार्क, क्रॉस मैदान आदि में खेली जाती है. महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भी इस लीग में खेल चुके हैं. सचिन ने साल 1984 में जॉन ब्राइट क्रिकेट क्लब की ओर से 11 साल की उम्र में इस लीग में अपना डेब्यू किया था. उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने भी साल 2013 में कांगा लीग में पदार्पण किया.

सिर्फ 8 रन पर झटके 7 विकेट

# ऑस्ट्रेलियाई बॉलर के कहर से कांपे बल्लेबाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर एक बार फिर अपने पूरे रंग में है. भारत समेत दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में टॉप इंटरनेशनल टीम अलग-अलग फॉर्मेट के मुकाबलों में लगी हुई हैं, जिन पर सबकी नजरें हैं. इससे अलग डॉमेस्टिक टूर्नामेंट भी हो रहे हैं, जहां कुछ शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया के डॉमेस्टिक लिस्ट-ए टूर्नामेंट वनडे कप में सोमवार को ऐसा ही एक हैरतअंगेज नजारा देखने को मिला, जहां तेज गेंदबाज सैम एलियट ने सिर्फ 8 रन पर 7 विकेट हासिल कर लिए. इसके बाद उन्होंने बल्ले से भी टीम को जीत तक पहुंचाने में योगदान दिया.



जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज खेल रही है, वहीं उसके घर में भी वनडे टूर्नामेंट चल रहा है. इसी टूर्नामेंट में सोमवार 23 सितंबर को मेलबर्न में हुए मुकाबले में विक्टोरिया के सैम एलियट ने तहलका मचा दिया. मेलबर्न के जंक्शन ओवल की हरी-भरी पिच पर खेले गए इस मुकाबले में बड़े स्कोर नहीं बने और उसकी वजह एलियट की घातक गेंदबाजी थी. लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने तस्मानिया की बल्लेबाजी की तबाह कर दिया और पूरी टीम सिर्फ 126 रन पर ढेर हो गई.

11वें ओवर में बॉलिंग के लिए आए एलियट ने पहली ही गेंद पर विकेट हासिल कर लिया था.इसके बाद अपने 8 ओवर में अगले 7 विकेट चटका दिए. एक वक्त पर एलियट ने सिर्फ 6.2 ओवर की गेंदबाजी में ही 7 विकेट चटका दिए थे, जबकि उनके खिलाफ सिर्फ 8 रन बने थे.

# गजब का डिमोशन हुआ सरफराज खान का

- **2018 में 3 करोड़ तो 2023 में 20 लाख पर आ गए**
- **2024 में रहे अनसोल्ड क्या 2025 में चमकेगी किस्मत**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरफराज खान ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए दौरान भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया था और फिर तीन टेस्ट मैचों में उन्होंने 200 रन बनाए थे। इसके बाद उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भी भारतीय टीम में जगह मिली, लेकिन 2024 आईपीएल उनके लिए अच्छा नहीं था।

इस सीजन के लिए यानी आईपीएल 2024 के लिए जब नीलामी हुई थी तब सरफराज खान को किसी भी टीम ने खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। अब आईपीएल 2025 के लिए नीलामी शायद दिसंबर में किया जाएगा तो क्या भारतीय टेस्ट टीम में जगह बना चुके सरफराज खान की किस्तम चमकेगी या फिर वो खाली हाथ रह जाएंगे। सरफराज खान ने 2018 से लेकर 2023 में आईपीएल में खेला था, लेकिन उनकी प्राइस में बहुत बड़ा फर्क आ गया था।

2018 में आरसीबी ने 3 करोड़ में खरीदा

सरफराज खान ने अपने आईपीएल क्रिकेट करियर की शुरुआत साल 2018 में की थी और इस साल उन्हें आरसीबी ने अपने साथ जोड़ा था और उन्हें एक सीजन के लिए 3 करोड़ रुपये भी दिए थे। सरफराज खान उस



वक्त अनकैप्ड प्लेयर थे और ये रकम उस वक्त काफी बड़ी थी, लेकिन अगले सीजन के लिए यानी 2019 के लिए उन्हें आरसीबी ने रिलीज कर दिया था। इसके बाद यानी 2019 में सरफराज खान को पंजाब किंग्स ने 25 लाख रूपये में खरीदा था और वो इस टीम के साथ 2019 से लेकर 2021 तक जुड़े रहे।

**2023 में मिले 20 लाख**

सरफराज खान को 2021 के बाद पंजाब किंग्स ने रिलीज कर दिया और फिर उन्हें दिल्ली कैपिटल्स का सहारा मिला। 2022 के लिए दिल्ली ने उन्हें 20 लाख रुपये में खरीदा और 2023 में भी वो इस टीम का हिस्सा रहे, लेकिन फिर उन्हें रिलीज कर दिया गया। 2024 की आईपीएल नीलामी में सरफराज शामिल हुए थे, लेकिन उन्हें किसी भी टीम ने उनके बेस प्राइस पर भी नहीं खरीदा। खैर तब तक वो अनकैप्ड प्लेयर थे, लेकिन अब वो कैप्ड प्लेयर हैं तो सवाल ये है कि क्या उन्हें कोई टीम आईपीएल 2025 के लिए खरीदने में दिलचस्पी दिखाएगी।

**क्या चमकेगी सरफराजी की किस्मत**

सरफराज खान के आईपीएल में प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 2018 से लेकर 2023 तक 50 मैच खेले और इस दौरान उन्होंने 130.58 की स्ट्राइक रेट के साथ 585 रन बनाए थे और एक अर्धशतक लगाए थे।

डब्ल्यूटीसी लेटेस्ट पॉईट टेबल

# श्रीलंका की जीत से डब्ल्यूटीसी में उथल-पुथल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका ने शानदार खेल दिखाते हुए गॉल टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 63 रनों से हरा दिया. इस मुकाबले में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 275 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम खेल के पांचवें दिन (23 सितंबर) 211 रनों पर सिमट गई. इस जीत के साथ ही श्रीलंकाई टीम ने टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली. सीरीज का दूसरा एवं आखिरी मुकाबला 26 सितंबर से इसी मैदान पर खेला जाएगा.

गॉल टेस्ट में जीत के बाद श्रीलंकाई टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप ( डब्ल्यूटीसी) के पॉइंट्स टेबल में फायदा हुआ है. श्रीलंकाई टीम अब एक स्थान के फायदस् से अंकतालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गई है. श्रीलंका ने मौजूदा चक्र में कुल आठ मैच खेले हैं, जिसमें उसने चार में जीत हासिल की है. जबकि इतने ही मुकाबलों में श्रीलंका को हार का सामना करना पड़ा. श्रीलंका के 50 प्रतिशत अंक और 48 पॉइंट हैं. श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा. हालांकि टीम को इसके लिए न्यूजीलैंड को एक बार फिर हराना होगा और फिर साउथ अफ्रीका के साथ ही ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा.

**टॉप पर मौजूद भारत के लिए हैं ये समीकरण**

बता दें कि भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की अंकतालिका में फिलहाल पहले स्थान पर है. उसके अब तक 10 मैचों में 7 जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 86 अंक हैं. उसके अंकों का प्रतिशत 71.66 है. भारत को अब मौजूदा चक्र में 9 मैच और खेलने हैं. भारतीय को नवंबर में पांच टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. उस दौरे से पहले उसे बांग्लादेश के खिलाफ 1 और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं.



इन 9 टेस्ट मैचों में भारत यदि चार मैच जीत जाता है और एक मुकाबले को ड्रॉ करता है, तो भारत की फाइनल में एंट्री तय हो जाएगी. ऐसी स्थिति में भारत को 64 प्रतिशत अंक मिलेंगे, जो फाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त होगा. भारत ने पिछली बार 58.8 प्रतिशत अंकों के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था. तब फाइनल मुकाबले में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 209 रनों से हार झेलनी पड़ी थी.

# कुशल प्रशासन के लिए आत्म अनुशासन जरूरी : ब्रह्माकुमारी



**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पन्ना में आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज में प्रशासकों की भूमिका थीम के तहत प्रशासक प्रभाग द्वारा चलाए जाने वाला अभियान 11 सितंबर को भोपाल से चलकर आज 22 सितम्बर को पन्ना नगरी में पहुंचने पर पन्ना जेल, "च् ऑफिस एवं ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान में लीला दीदी प्रमुख वक्ता ने बताया कि हमारे जीवन में अध्यात्म की शिक्षा न होने के कारण हमारे जीवन में हर क्षेत्र में तनाव का वातावरण है, दीदी ने कहा कि अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए हमे स्वयं की पहचान एवं परमपिता परमात्मा की पहचान अति आवश्यक है। मोनिका दीदी ने सभी को मेडिटेशन की विधि सिखाई ,साथ ही अभियान में आए बी के महेंद्र भाई ने अभियान का लक्ष्य बताया एवं बी के राजेश भाई ने सभी को प्रतिज्ञा कराई। साथ ही जेल अधीक्षक जी ने अभियान के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान सेवाकेंद्र पर हुए कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सीता बहन जी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं विद्यालय का परिचय दिया। अपने आगे कहा कि आज प्रशासन के क्षेत्र में बहुत तनाव है यदि प्रशासक समस्याओं से विचलित हो जाए तो प्रशासन क्या चलाएगा? मनुष्य के संकुचित विचार व लोभ वृत्ति से आज धरती व आकाश भी बंट चुके हैं। यदि समाज में भाईचारे की भावना आ जाए, कानून के साथ प्रेम का संतुलन हो जाए। न्याय, दया, सद्भावना तथा मूल्य आधारित प्रशासन हो तो निश्चय ही हम स्वयं के साथ-साथ विश्व को बदल सकते हैं इसलिए सिर्फ प्रशासक ही नहीं प्रिय शासक बने,भले ही हमारे पास उच्च अधिकार है परंतु उसका उपयोग सेवा भाव, प्रेम, भाईचारे से करें। इसके लिए सर्वप्रथम प्रशासक का मन शांत व शीतल होना जरूरी है, ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा प्रशासक ही नहीं हर व्यक्ति के मन को मोड़ने की कला, सकारात्मक चिंतन की शिक्षा दी जाती है, जिससे जीवन में मूल्य आने लगते हैं और प्रशासन कुशल हो जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय भाई जी जी ने कहा यहां आने पर मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला कि सभी में मूल्यो की भावना होनी चाहिए, समर्पण की भावना एवं सुनने की भावना होनी चाहिए, सिर्फ आदेश की ही नहीं। कोई भी व्यक्ति आये उसको पहले सुने। आगे आपने मेडिटेशन का अनुभव साझा किया और प्रतिज्ञा ली कि आज से मैं हर व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करूंगा। कार्यक्रम में एसऽबीऽसिंह, संभागीय लेखाधिकारी (लोक निर्माण विभाग संभाग पन्ना), श्रीमती निशा जैन, पूर्व प्राचार्य, श्रीमती मंजूलता जैन, अधिवक्ता, श्रीमती चंद्रप्रभा तिवारी, श्री महेश जैन, श्री मनोज तिवारी(शिक्षक) एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी तारतम्य में अभियान को आगे बढ़ते हुए दूसरे दिन ब्रह्माकुमारी विद्यालय देवेंद्रनगर में कार्यक्रम संपन्न होकर अभियान आगे रवाना हुआ।

## प्राणनाथ वार्ड में पोषण जागरूकता शिविर आयोजित

**पन्ना।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत सोमवार को पन्ना नगर के प्राणनाथ वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 14 में स्वास्थ्य जांच और जागरूकता षिविर लगाया गया। बाल विकास परियोजना पन्ना शहरी द्वारा आयोजित षिविर में उपस्थित महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान खानपान व वजन बढ़ोत्तरी के संबंध में आवष्यक जानकारी दी गई। साथ ही छः माह तक आयरन की गोली का सेवन करने के बारे में भी समझाईश दी। किषोरी बालिकाओं को एनीमिया के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। षिविर में फास्ट फूड के सेवन से स्वास्थ्य को होने वाले दुष्प्रभाव तथा घर पर ही आसानी से तैयार होने वाली रेसिपी की जानकारी दी गई। पोषण प्रदर्षनी के माध्यम से स्थानीय खाद्य पदार्थों का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता, विकासखंड समन्वयक अमित नायक, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. ओमप्रकाष सिंगरौल, कम्पाउंडर मुकेष कुमार अहिरवार, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजाबेटी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हितग्राही उपस्थित रहे।

# पवई नगर परिषद के नवीन स्वच्छता वाहनों को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

### स्वच्छता पखवाड़े के तहत विधायक प्रहलाद लोधी ने की सफाई

पवई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज पवई विधायक प्रहलाद लोधी नगर परिषद पवई द्वारा आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बस स्टैंड परिसर में झाड़ू तथा वाइपर लगाकर सफाई की साथ ही नगर परिषद के नवीन स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार को अपराहांत 3रू बजे नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ तबस्सुम खान सहित संपूर्ण सफाई अमले के साथ महाविद्यालय जन भागीदारी समिति पवई के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम भगत कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चंद्रभूषण गर्ग, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष मंकू श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा, युवा मोर्चा मंडल पवई के उपाध्यक्ष प्रदीप पटेल, संतोष पांडे हथकुरी, सुनील रैकवार सरपंच कृष्णगढ़, प्रशांत चौबे सरपंच कुपना सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पवई नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड में झाड़ू से सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया इस अवसर पर विधायक प्रहलाद लोधी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़े के तहत जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है इस तारतम में आज पवई बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय तथा बस स्टैंड मैदान पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्वच्छता कर्मियों के साथ सफाई की गई है।

# पन्ना की बेटी आकांक्षा कुशवाहा बनी जियोलॉजिस्ट



**पन्ना।** पन्ना शहर के धाम मोहल्ला निवासी आकांक्षा कुशवाहा का भारत सरकार के खान मंत्रालय में जियोलॉजिस्ट पद पर चयन हुआ है। आकांक्षा ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर एवं जियोलॉजिस्ट पद पर 28वीं रैंक के साथ चयनित होकर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। आकांक्षा के पिता बाबूलाल कुशवाहा कृषक और माता पार्वती कुशवाहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। आकांक्षा ने स्कूली शिक्षा पन्ना में ही प्राप्त की, जबकि उच्च शिक्षा सागर के डॉ. हरी सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय से ग्रहण की। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को जियोलॉजिस्ट के पद पर चयनित बेटी आकांक्षा कुशवाहा का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्मान कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आकांक्षा कुशवाहा के माता-पिता सहित जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। आकांक्षा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर मार्गदर्शन के साथ स्वयं की लगन, परिश्रम और ईमानदारी भी आवश्यक है।

# मध्य प्रदेश में फिर उठी शराब बंदी की मांग

### लोधी लोधा लोध क्षत्रिय महासभा ने प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर बड़े स्तर पर शराबबंदी की मांग उठी है। लोधी लोधा लोध क्षत्रिय महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश के सभी जिलों में ज्ञापन सौंपा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पन्ना में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है जिसे संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम के द्वारा प्राप्त किया गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि मध्यप्रदेश को बालात्कार जैसे जघन्य अपराधों में देश में दूसरे नम्बर पर लाने में शराब भी महत्वपूर्ण कारण है। इस्लाम धर्म में भी शराब हराम है तो सिर्फ हिन्दुओं को बर्बाद करने के लिए सरकार यह व्यापार क्यों कर रही है। जब लाडली बहना योजना में सरकार के पास सालाना बांटने के लिए 18 हजार करोड़ की राशि उपलब्ध है तो सिर्फ 13 हजार 590 करोड़ सालाना कमाने के लिए सरकार शराब का व्यापार क्यों कर रही है। साल 2023 में 77 हजार 406 सड़क हादसे हुए जबकि 2024 की पहली छरू माही में (जनवरी से जून तक) 88 हजार 255 हादसे हुए, सका मुख्य कारण भी शराब है। शराब का व्यापार कोई ओर नहीं सरकार स्वयं ही करती है। घरेलू हिंसा एवं सार्वजनिक हिंसा का कारण भी शराब है। एक तरफ सरकार शराब का व्यापार करती है, दूसरी तरफ करोड़ों की राशि खर्च कर नशा मुक्ति अभियान का ढोंग करती है। गांव-गांव गली-गली शराब बिक रही है। आबकारी विभाग को चलाने में सरकार करोड़ो रूपये खर्च करती है। शराब से दुर्घटनाओं अपराधों एवं विवादों के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हो रहा ऐसे में संपूर्ण मध्य प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी आवश्यक है जिसके लिए संगठन के द्वारा सांकेतिक रूप से आंदोलन की शुरुआत इस ज्ञापन के माध्यम से कर दी गई है। समय पर सरकार के द्वारा उचित कदम नहीं उठाए जाने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी, ज्ञापन के दौरान संगठन के युवा जिला अध्यक्ष श्यामजी सिंह लोधी, जनपद सदस्य दयाशंकर लोधी, कुआंताल परिक्षेत्र अध्यक्ष विवेक सिंह लोधी, जयपाल सिंह लोधी, अवधेश लोधी, रोहित लोधी, देवराज सिंह लोधी, लोकेंद्र सिंह एवं सोनेलाल प्रजापति सहित काफी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग अंतर्गत अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत गठित जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक में जिला संयोजक आर.के. सतनामी, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. अरूण मसराम, सहायक कोषालय अधिकारी आर.पी. प्रजापति सहित समिति के सदस्यगण भी उपस्थित रहे। बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन सहित राहत प्रकरणों में स्वीकृत व भुगतान राशि के वितरण, न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति, विशेष लोक अभियोजक व अन्वेषण अधिकारी की नियुक्ति इत्यादि के संबंध में चर्चा हुई। बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक अनुसूचित जाति वर्ग के कुल 92 प्रकरणों में 59 लाख 50 हजार रूपए तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 27 प्रकरणों में 13 लाख 75 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। जिला कलेक्टर द्वारा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने धरमपुर थाना का किया निरीक्षण, किया पौधरोपण

पन्ना



जिले के धरमपुर थाना का आज पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण थोटा के द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया एवं थाना प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। पुलिस स्टाफ से चर्चा के उपरांत थाना प्रभारी बलबीर सिंह के साथ थाना रिकॉर्ड, भवन साफ-सफाई, मालखाना ,आर्म्स ,जब्ती माल का निरीक्षण किया गया इसके उपरांत वांछित गंभीर अपराध,फरारी ,गुंडा बदमाश आदि की जानकारी ली गई। यूपी से लगा होने के कारण बार्डर के सम्बंध में भी जानकारी ली गई। पन्ना पुलिस अधीक्षक जहां धरमपुर थाना का निरीक्षण करने को लेकर जिस तरह से बाखूबी सीमा यूपी बार्डर को लेकर जहां इस थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिस को अपनी जिम्मेदारी के निर्वाहन को लेकर तत्परता बरतने के साथ-साथ चौकसी व अपराधियों पर सतत नजर बनाये रखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही न हो इस तरह से पुलिस जोकि हमारी सुरक्षा को लेकर जहां अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करती है सायद इस तरह की निरीक्षण से जहां हौंसला अफजाई भी थाना स्तर पर पदस्थ जिम्मेदारी अधिकारी व पुलिस बल का होता ही है। वहीं अधिकारियों के विजिट से जहां संबंधित थाना क्षेत्र में आगामी समय के लिए भी सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण दिशा तय रहती है।

## पन्ना टाइगर रिजर्व की विकास निधि में पर्यटन से प्राप्त राशि ईको विकास समितियों का प्रदाय



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व की विकास निधि में वित्तीय वर्ष 2022-23 में पर्यटन से प्राप्त राशि की एक तिहाई राशि ईको विकास समितियों को प्रदाय किये जाने के निर्देश है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में पर्यटन से प्राप्त आय को विधान सभा क्षेत्र पन्ना की 39 समितियों को 50 109797/- (रु0 एक लाख नौ हजार सात सी सन्तान्नवे) मात्र प्रति समिति की दर से कुल रुपये 4282083/- दिनांक 23.09.2024 को बृजेन्द्र प्रताप सिंह विधायक पन्ना द्वारा एक समारोह के दौरान अध्यक्ष, ईको विकास समितियों को वितरित किया गया। उक्त समारोह के दौरान क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# क्षमता से अधिक सवारियां ढोने वाले वाहनों पर यातायात पुलिस ने की कार्यवाही

### दर्जन भर ऑटो एवं ई-रिक्शा सहित तीन यात्री बसों पर हुई कार्यवाही



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस थोटा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह व एसडीओपी एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्षकार के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चला कर यातायात के नियमों का उल्लघंन करते हुए क्षमता से अधिक सवारियां ढोने, बिना परमिट के वाहन चलाने, बिना हेलमेट के दो पहिया और बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 22 सितंबर रविवार को यातायात थाना प्रभारी के द्वारा अपने अमले के साथ अजयगढ़ चौराहा, गल्ला मंडी एवं बृजपुर रोड पर वाहन चेकिंग कर क्षमता से अधिक ठूंस-ठूंस कर सवारियां ढोने वाले दर्जन भर ऑटो एवं ई-रिक्शा और बिना परमिट के क्षमता से अधिक यात्री बैठाने वाली 3 बसों को जप्त कर कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि सड़क हादसों को रोकने यातायात के नियमों का पालन आवश्यक है, ऐसे में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर वाहन चेकिंग व चलानी एवं जुर्माना कार्यवाही के साथ-साथ विद्यालयों महाविद्यालय एवं अन्य संस्थानों में लगातार यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यातायात के नियमों के पालन की जानकारी दी जा रही है एवं वाहन चेकिंग के दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## जिले में भाजपा की सदस्यता एक लाख पार : बृजेंद्र

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में मनाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी का सदस्यता अभियान का कार्यक्रम जिले में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा की अगुवाई में अनवरत रूप से चल रहा है। प्रदेश द्वारा जारी किए गए आज आंकड़ों में पन्ना जिले के सदस्यता का आंकड़ा एक लाख पार हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने, सांसद बीडी शर्मा एवं सभी विधायकों के साथ-साथ जिले से सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी का आज आभार ज्ञापित किया है और शानदार सदस्यता अर्जित करने के लिए जाबांज पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी हैं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री ब्रजेंद्र मिश्रा ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री बी डी शर्मा, विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह श्री राजेश वर्मा श्री पहलाद लोधी जसागर संभाग संगठन प्रभारी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जिला संगठन प्रभारी उमेश शुक्ला जिले के सदस्यता प्रभारी ने योजना रचना करते हुए जिले से लेकर बूथ स्तर तक की समितियां को सक्रिय करते हुए शानदार सदस्यता के लक्ष्य को अग्रसर हुए हैं।

# ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा प्रथाओं का पालन करना महत्वपूर्ण है : अपर पुलिस अधीक्षक

### पीएम केन्द्रीय विद्यालय में हुई साइबर जागरूकता कार्यशाला



**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए आज साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में संपन्न कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, साइबर सेल से आशीष सिंह, धर्मेन्द्र सिंह राजावत एवं खेल व युवा कल्याण विभाग से धीरज कुमार वर्मा एवं प्रकाश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर सुरक्षा की कार्यवाही कम्प्यूटर, सर्वर, मोबाइल डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को दुर्भावनापूर्ण हमलों से बचाने का अभ्यास है। इसे सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा या इलेक्ट्रॉनिक सूचना सुरक्षा के रूप में भी जाना जाता है। इस संचार के युग में साइबर क्राइम की गतिविधियाँ बढ़ती जा रही हैं। हमें इन सब से बचने के लिए अपने पासवर्ड गोपनीय रखना अति आवश्यक है। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए हमें ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया कि साइबर जागरूकता कर्मचारियों और नागरिकों को साइबर स्पेस में छिपे खतरों और जिम्मेदारी से कार्य करने के बारे में शिक्षित करने की एक सतत प्रक्रिया है। ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए, महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा प्रथाओं का पालन करना महत्वपूर्ण है, जो हमें और हमारे परिवारों को आसन्न खतरों से बचाने में मदद कर सकता है। प्राचार्य अमित दाहिया ने साइबर क्राइम से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए लिए साइबर सेल के अधिकारियों का आभार ज्ञापित किया। साथ ही विद्यार्थियों को वर्तमान संचार युग में सुरक्षित तकनीक उपयोग करने की सलाह दी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 25 सितम्बर 2024




शासन के निर्देशानुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर और भयप्रद भवनों को गिराने की मुहिम लगातार जारी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पुराने और कमजोर भवनों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित तरीके से ध्वस्त किया जा रहा है।



## जनसुनवाई में 95 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**रीवा।** माह के प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट में 95 आवेदकों की सुनवाई की गयी। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण किये जाने के निर्देश दिये।



जनसुनवाई में पड़िया निवासी रामकुमार सिंह ने छतिग्रस्त मकान के लिये सहायता राशि उपलब्ध कराने, इटहा निवासी विष्णुदत्त शर्मा ने नक्शा तरमीम किये जाने तथा मड़वा निवासी रामप्रताप पटेल ने मकान के सामने से वर्षा का पानी निकलवाने की व्यवस्था कराने का आवेदन दिया जिस पर तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मुमताज खां के गुढ़ में सार्वजनिक स्थल में अवैध निर्माण को रोकने के आवेदन पर एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। रामनरेश द्विवेदी लूक निवासी ने लक्ष्मणबाग मंदिर में पुजारी के पद पर पदस्थ करने का आवेदन दिया जिसे सीईओ लक्ष्मणबाग को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

बजीर अंसारी निवासी तरहटी के नामांतरण के आवेदन पर आयुक्त नगर निगम को, तेंदुनी जवा निवासी अनुसुइया सिंह के नक्शा संशोधन के आवेदन को एसडीएम जवा को तथा हुजूर के मो. यासीन के खसरे की नकल के आवेदन को नजूल अधिकारी को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। शुकुलगवां के निवासियों ने प्रधानमंत्री आवास प्रदाय किये जाने का आवेदन दिया जिसे परीक्षण कर सीईओ जनपद रीवा को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार शिवलाल साकेत के कब्जा दिलाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को, कुठ्ठू बीड़ा निवासी रामवती तिवारी के नहर की मुआवजा राशि के भुगतान के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को तथा बरहदी रायपुर कर्चुलियान के रामपाल साकेत के अवरूद्ध रास्ता खोले जाने के आवेदन को एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। भागवत साकेत उमरी सिरमौर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास प्रदाय किये जाने का आवेदन दिया जिसे एसडीएम को प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग परीक्षण शिविर आज त्योंथर में

**रीवा।** जिला प्रशासन द्वारा एलिम्को जबलपुर एवं जिला निश्शक्त पुनर्वास केन्द्र के सहयोग से दिव्यांग परीक्षण शिविरों का आयोजन प्रारंभ हो गया है। रीवा एवं मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत हितग्राहियों का चयन किया जाकर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम इकाई जबलपुर द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विवेकानंद महाविद्यालय त्योंथर में 25 सितंबर को दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जनपद पंचायत त्योंथर, नगर परिषद त्योंथर, जवा, चाकघाट एवं डभौरा के हितग्राही शामिल होंगे। कलेक्टर ने सभी शिविरों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी बनाया है तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को शिविर आयोजन से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

## रबी सीजन के पूर्व बहुती नहर और नई गढ़ी-1 एवं 2 माइक्रो इरिगेशन परियोजना का कार्य पूर्ण करें: उप मुख्यमंत्री

### विंध्य क्षेत्र में जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि आगामी रबी सीजन में सिंचाई व्यवस्था के लिए विंध्य क्षेत्र में जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजना को पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाये। परियोजना का कार्य समय से पूर्ण हो, इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जायें ताकि किसान भाइयों को असुविधा न हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में रीवा की बहुती नहर परियोजना और नई गढ़ी-1 एवं 2 माइक्रो इरिगेशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने से किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। बहुती नहर के निर्माण से 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र और नईगढ़ी-1 एवं 2 के कार्य पूर्ण होने पर 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सकेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बहुती नहर परियोजना में हो रहे विलंब पर असंतोष व्यक्त किया और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहुती कैनाल में एक्वाडक्ट निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाये। साथ ही वितरक कैनाल और सप्लाई कैनाल के उन क्षेत्रों में, जहां सीपेज की समस्या है, तकनीकी निदान कर चैनल निर्माण कार्य समय से पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता बोधी श्री अनिल सिंह, मुख्य अभियंता रीवा श्री ए के देहरिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न बैठकों का आयोजन आज

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 25 सितम्बर को रीवा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित विभिन्न बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 11 बजे से नशामुक्ति अभियान की समीक्षा करेंगे। तदुपरांत दोपहर 12 बजे से मेगा हेल्थ कैंप में चिन्हित रोगियों के उपचार के संबंध में समीक्षा की जाएगी। उप मुख्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे रीवा बायपास मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित करने के संबंध में बैठक लेंगे।

## लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश

रीवा

आयुक्त अनुसूचित जाति विकास द्वारा जिले में लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के प्रकरणों का निराकरण तत्परतापूर्वक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने वर्ष 2022-23 में 263 एवं 2023-24 में 565 आवेदनों के नोडल संस्थाओं द्वारा सत्यापन न किए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की है तथा निर्देश दिए हैं कि पोर्टल खुलते ही लंबित सभी प्रकरणों का सत्यापन करें। यदि संबंधित छात्रों द्वारा आवास सहायता व छात्रवृत्ति के प्रकरण लंबित रहने की शिकायत की जाती है तो संबंधित राशि का भुगतान नोडल प्राचार्य द्वारा किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने महाविद्यालयों के प्राचार्य/डीन एवं नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की है कि आगामी तीन दिवस में सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। यदि किसी भी संस्था में बिना उचित कारण के प्रकरणों का लंबित होना पाया जाता है तो प्राचार्य के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक 26 सितम्बर को

**रीवा।** अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं महानिदेशक प्रशासन अकादमी भोपाल श्री जेएन कंसोटिया की अध्यक्षता में 26 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठकों के कार्यवाही बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन तथा एटीआर की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्टर ने जिले में पर्याप्त खाद के भण्डारण के दिए निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रबी फसल के लिए जिले में आवश्यक मात्रा में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में लक्ष्य के अनुरूप यूरिया, डीएपी एवं एनपीके खाद का पर्याप्त भण्डारण रहे ताकि किसानों की माँग पर उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा डीएपी के माँग आगामी अक्टूबर माह से ही होने लगती है जबकि यूरिया की माँग जनवरी माह से आएगी। अतः



सिंगल व डबल लाक में इनका भण्डारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समितियों को माँग के आधार पर खाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि यूरिया 6837 मीट्रिक टन, डीएपी 4929 मीट्रिक टन एवं एनपीके 3000 मीट्रिक टन की उपलब्धता है।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद्यान्न के उठाव की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि खाद्यान्न शत-प्रतिशत उठाव कर वितरण किया जाना सुनिश्चित कराएं। यदि वितरण कार्य में जिले की स्थिति ठीक नहीं रही तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आगामी तीन दिवस में गिरदावरी का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए ताकि किसानों के पंजीयन में किसी भी प्रकार की परेशानी न आए। बैठक में अब तक खाद के लिए किए गए भुगतान की भी समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्मा योजना अन्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आज तक आमंत्रित

**रीवा।** आत्मा योजना के तहत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। सर्वोत्तम कृषि संबंधी कार्यों हेतु कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन में नवाचार करने वाले प्रगतिशील कृषकों से 25 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा यूपी बागरी ने बताया कि जिला स्तर के पांच तथा विकासखण्ड स्तर के 45 कृषकों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रगतिशील कृषकों से अभिलेखीय आधार एवं क्रियान्वित गतिविधियों के फोटोग्राफ के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय में नियत तिथि तक जमा किये जा सकते हैं।

## रीवा की बेटी दीप्ति सिंह का अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन विंध्य के लिए गौरव का क्षण: शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा की बेटी सुश्री दीप्ति सिंह के मध्यप्रदेश महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयनित होने पर हार्दिक बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह उनके कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय का परिणाम है, जिसके चलते आज उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि रीवा और पूरे विंध्य क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



उप मुख्यमंत्री ने सुश्री दीप्ति सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्होंने दीप्ति के परिवारजनों को भी इस गौरवपूर्ण अवसर पर शुभकामनाएं दीं और कामना की है कि वह भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करें।

## विशेष कोचिंग के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा

**रीवा।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय के बालक एवं कन्या छात्रावासों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विशेष कोचिंग देकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड एकाउंटेंसी एवं कंपनी सेक्रेटरी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सफलता के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा। प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार नौवीं एवं दसवीं कक्षा के लिए गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के स्नातक एवं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक व बीएड योग्यताधारी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षक तथा 11वी व 12वी कक्षा के लिए भौतिक, रसायन, गणित, जीवविज्ञान, अंग्रेजी एवं वाणिज्य समूह में बहीखाता व अर्थशास्त्र के विषय के लिए स्नाताकोत्तर एवं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक व बीएड योग्यताधारी शासकीय व अशासकीय शिक्षक अपने आवेदन 10 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आज

**रीवा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 25 सितम्बर को प्रातः 11.15 बजे किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से ईव्हीएम वेयरहाउस खोले जाने के समय उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## पत्रकार बीमा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारों के हित में संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा बढ़ायी गयी प्रीमियम राशि का भार राज्य सरकार द्वारा वहन करने का निर्णय लिया है। साथ ही बीमा के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 25 सितम्बर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, पत्रकार साथी दिन-रात एक करके विषम परिस्थितियों में देश और समाज की सेवा करते हैं। विभिन्न पत्रकार संगठनों द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया कि पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम में वृद्धि की गई है। अतः हमने निर्णय लिया है कि पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम की दरों में की गई वृद्धि का भार राज्य सरकार उठाएगी। योजना में शामिल होने वाले पत्रकारों से गत वर्षों की तरह ही प्रीमियम लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों बंधुओं के साथ हर कदम पर खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। बीमा योजना की पूरी जानकारी एवं संशोधित प्रीमियम चार्ट जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने कक्षा 5 एवं 8 की वार्षिक परीक्षा के संबंध में जारी किये दिशा-निर्देश

**रीवा।** स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रदेश की समस्त शासकीय शालाओं, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं और डाईस कोड प्राप्त मदरसों में कक्षा 5वीं और 8वीं में अध्ययनरत बच्चों के लिये एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तकों एवं पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यह निर्देश समस्त जिला कलेक्टर को भी जारी कर दिये गये हैं। जारी निर्देश में परीक्षा परिणाम के लिये अधिभार अंक निर्धारित किये गये हैं। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिये अधिभार अंक 20, वार्षिक परीक्षा लिखित अधिभार अंक 60 और वार्षिक परीक्षा प्रोजेक्ट कार्य के लिये अधिभार अंक 20 निर्धारित किये गये है। निर्देशों में कहा गया है कि समस्त शालाओं में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन राज्य शिक्षा द्वारा निर्धारित ब्लू प्रिन्ट के आधार पर निर्मित कराये गये प्रश्न-पत्रों और निर्धारित समय-सारणी अनुसार कराया जायेगा। शासकीय शालाओं केलिये अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न-पत्र राज्य स्तर से निर्मित कराये जायेंगे। जबकि अशासकीय शालाएं राज्य दौरा निर्धारित ब्लू प्रिन्ट के आधार पर प्रश्न-पत्रों का निर्माण स्वयं करेंगी। वार्षिक परीक्षा के लिये शासकीय शालाओं, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं एवं डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं और 8वीं के लिये पंजीकृत परीक्षार्थी के लिये कक्षावार, विषयवार निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार निर्मित कराये गये प्रश्न-पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे। परीक्षा आयोजन संबंधी समय-समय पर जारी निर्देश मध्यप्रदेश राज्य एजुकेशन पोर्टल की वेबसाइट देखे जा सकते हैं।

## पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**रीवा।** नगर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में संचालित बालिका और बालक की इकाइयों ने करहिया स्थित बीहर नदी के घाट पर जाकर वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें नदी के घाट के स्वच्छता के साथ-साथ ही बोरी बंधन का भी कार्यक्रम किया गया।जिसमें महाविद्यालय के लगभग 100 से अधिक छात्रों ने




भागीदारी की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश तिवारी के द्वारा यह जानकारी दी गई कि दिनांक 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है और साथ ही 24 सितंबर को हर वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस भी मनाया जाता है इस 55वीं स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की दोनों इकाइयां बालक एवं बालिका वर्ग के स्वयंसेवी आज सुबह से ही बीहर नदी के घाट पर पहुंच गए,क्योंकि गणेश चतुर्थी के अवसर पर भारी मात्रा में गणेश विसर्जन नदी घाट पर किए गए थे और उनके मलवा एवं अवशेष अभी भी नदी के प्रवाह को अवरुद्ध कर रहे थे साथ ही घाट के ऊपर बड़ी गंदगी से घाट मलिन दिखाई दे रहा था महाविद्यालय की स्वयंसेवी इकाई ने यह तय किया कि वह घाट पर जाकर वहां की साफ सफाई और सौंदर्य को पुन: पुनर्जीवित करने की कोशिश करेगा इसी क्रम में लगभग 50 छात्राएं एवं 50 छात्र स्वयंसेवी घाट पर पहुंचे और वहां पर अनुपयोगी पड़े झाड़ झंकार प्लास्टिक की वस्तुओं को एक किनारे लगाकर उसमें आग लगा दी साथ ही कुछ हिस्सों पर ठीक तरीके से नदी का प्रवाह ना हो पाने के कारण सही तरीके से बोरी बंधन करके घाट में नहाने के लिए उपयोग की जाने वाली जल राशि को स्वच्छ किया। आज के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापिका सपना त्रिवेदी, कविता सिंह तथा स्वयंसेवी छात्र उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833